ARBIT
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot
epaper.rashtradoot.com



**Lahore was born in Amritsar...** Lahore held the past, while Amritsar was the future. Lahore was regal, while Amritsar sacred. If Lahore was miri, then Amritsar was piri.

**A Long Space Trip**

**Philosophy: There Is No "Self"** "I think, therefore I am." But who is this? Let's take a closer look



*अमेरिका से आया रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल भारतीय जैव विविधता के लिए खतरा बन गया है। चूंकि यह बहुत छोटा है और इसका रख रखाव भी आसान है इसलिए पालतू जानवर के रुप में यह बेहद लोकप्रिय है। विशेषज्ञों का मत है कि, यह कछुआ स्थानीय कछुआ प्रजातियों के लिए खतरा बन गया है। असम के वाइल्डलाइफ बायॉलजिस्ट जयादित्य पुरकायस्थ, जो आई.यू.सी.एन. के टर्टल स्पेशलिस्ट ग्रुप के भी सदस्य हैं, ने कहा कि, रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल असल में साउथ ईस्टन यू.एस.ए. एवं मैक्सिको में मिलते हैं, पर वन्यजीवों के व्यापार के कारण अब ये भारत सहित समूचे विश्व में फैल गए हैं। भारत में स्थानीय कछुआ प्रजातियों को पालतू बनाना प्रतिबंधित है, पर, विदेशी प्रजातियों को पाला जा सकता है इसलिए कई लोग इन कछुओं को घर में रखते हैं। इस कछुए का उल्लेख कन्वैन्शन ऑन इन्टरनैशनल ट्रेड इन एन्डेजर्ड स्पीशीज़ में भी नहीं है। छोटे साइज़ के होने के कारण ये आराम से बाजार में मिल जाते हैं। घर पर भी रखे जाते हैं, लेकिन बड़ा होने पर जब ये छोटे तालाब में नहीं आते तो लोग इन्हें नदी या बड़े तालाब में छोड़ देते हैं, यहाँ पर ये स्थानीय प्रजातियों के लिए खतरा बन जाते हैं। स्थानीय प्रजातियों के विपरीत ये कछुए हर प्रकार की वनस्पति खा लेते हैं। डायरैक्टर ऑफ टर्टल सर्वाइवल अलायन्स, शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि, रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल बेहद आक्रामक होते हैं और स्थानीय प्रजातियों को खदेड़ देते हैं। इनके पंजे घातक होते हैं। ये भारत के कई राज्यों में फैल गए हैं तथा सॉफ्ट शैल व हार्डशैल सहित, अपनी तरह की हर प्रजाति के लिए खतरा बन गए हैं। शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि, चंडीगढ़ की सुखना लेक से लेकर गुवाहाटी के मंदिरों के तालाब, बैंगलौर की झीलों, मुम्बई में संजय गांधी नैशनल पार्क, दिल्ली की यमुना नदी, हर जगह ये कछुए मिलते हैं। इन्हें विश्व की 100 सबसे खराब घुसपैठिया प्रजातियों में एक माना जाता है। लगभग 73 देशों में इनकी आबादी पर नज़र रखी जाती है। पुरकायस्थ ने कहा कि, अगर इन कछुओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो, बिटिश काल में दक्षिण अमेरिका से आए, जलकुंभी पौधे की तरह ये भी मुसीबत बन जाएंगे।*

# ‘वादे करके चुनाव जीतना तो आसान था, वादों की ‘‘डिलीवरी’’ उतनी ही मुश्किल है’

## कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पहले दिन से इस सच्चाई से वाकिफ हो रही है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के लिए कर्नाटक में चुनाव जीतना लोगों की आकांक्षाएं पूरी करने से ज्यादा आसान था। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने चुनाव प्रचार में दी गई सभी 5 गांरटियों का क्रियान्वयन करना शुरु कर दिया, पर लोग अब इन गारंटियों के अंतिम प्रारुप के बारे में पूछ रहे हैं।

उदाहरण के लिए अब गाइडलाइन्स बन रही हैं कि मुफ्त सुविधाएं लेने के दायरे में कौन आता है तथा किन घरों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। पर असंतोष के स्वर भी उभरने लगे हैं और लोग सरकार के काम काज को बारीकी से देख रहे हैं और इस समय की गई कोई भी गलती लोकसभा चुनाव में पार्टी को भारी पड़ सकती है।

भाजपा की हालात पर पूरी नज़र है और वह सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है। ऐसा एक दिन भी नहीं जाता, जब विपक्षी पार्टी वायदों पर अमल करने में सरकार की गलतियां गिनाने से बाज नहीं आती।

- **सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है, बिजली की रेट में भारी वृद्धि से।**
- **पहले तो जनता राजी हो रही थी, 200 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा से। पर अब घोषणा में, महीन अक्षरों में जो लिखा है, लोग उसके बारे में बारिकी से पूछ रहे हैं, राहत किस तरह से मिलेगी? क्या प्रक्रिया होगी, क्या मापदण्ड होंगे?**
- **एक तरफ फ्री बिजली, दूसरी ओर रेट बढ़ा देने से बिजली के बिल में 35 प्रतिशत की वृद्धि।**
- **एक आम आदमी के बिल में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई।**
- **यह इतना बड़ा मुद्दा बन गया है कि, इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन भी आंदोलन के मूड में आ गयी है।**
- **बिडाडी औद्योगिक क्षेत्र, जहां दुनिया की टॉप ब्राण्ड्स, टोयोटा, कोका कोला, ब्रिटेनिया के कारखाने हैं, की इकाइयाँ बिजली की दर की भारी वृद्धि के कारण महाराष्ट्र शिफ्ट होने की सोच रही हैं।**

कांग्रेस को भारी तादाद में वोट देने वाले लोगों की सबसे बड़ी चिंता बिजली की दरों में की गई वृद्धि है। सरकार की तरफ से किया गया यह स्पष्टीकरण कि, यह फैसला बोम्मई सरकार का था और वह इसे पलट नहीं सकती है, जनता को संतुष्ट नहीं कर रहा है।

बिजली बिल शुल्क बढ़ने पर सबसे बड़ी चिंता है औद्योगिक इकाइयों की धमकी कि वे कर्नाटक छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएंगे।

राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में गुस्सा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा व शिन्दे शिव सेना के बीच विज्ञापन युद्ध तीव्र हुआ

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। समाचार पत्र-विज्ञापन-अभियान से महाराष्ट्र का राजनैतिक वातावरण गर्मा गया है। इस अभियान से ऐसे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन पार्टनरों- भाजपा और शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है।

मंगलवार को प्रतिष्ठित अखबारों के मुखपृष्ठों पर पूरे पृष्ठ के विज्ञापन दिखाई दिये, जिनकी टैग लाइन थी- ‘‘भारत के लिये मोदी, महाराष्ट्र के लिये शिंदे।

- **पहले शिन्दे शिव सेना ने सभी अखबारों में विज्ञापन दिया, जिसका नारा थाः ‘‘मोदी भारत में, शिन्दे महाराष्ट्र में, जनता की पसंद ड्रीम टीम’’**
- **जवाब में भाजपा ने कैबिनेट की बैठक पर पोस्टर लगाये, पर मु.मंत्री की फोटो गायब थी पोस्टर में।**
- **दूसरे दिन, शिन्दे शिव सेना ने एक और फुल पेज का विज्ञापन छपवाया, जिसमें मोदी, शाह, आनंद डिगे व बाला साहब ठाकरे की फोटो सबसे ऊपर की पंक्ति में थी, बीच में एकनाथ शिन्दे का फोटो तथा नीचे की लाइन में शिन्दे शिव सेना के मंत्रियों की फोटो थी, पर, फड़नवीस का चित्र गायब था।**
- **संघर्ष इतना बढ़ा, इस विज्ञापन युद्ध से कि, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने वक्तव्य दिया कि, भाजपा विधानसभा चुनाव में 240 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी और केवल 48 सीटें छोड़ेगी शिन्दे शिव सेना के लिये।**

सबकी प्रिय ‘‘ड्रीम टीम’’। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस उस पोस्टर से न केवल गायब थे (जिस पर केवल प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के फोटोग्राफ थे), बल्कि इस विज्ञापन में जी न्यूज़-मैट्रिज़ के एक सर्वे के हवाले से यह भी कहा गया था कि अगले चुनावों में 26.1 प्रतिशत लोगों ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे को देखने की इच्छा व्यक्त की है, जबकि 23.2 प्रतिशत लोगों की पसंद फड़नवीस रहे हैं।

भाजपा ने अविवेकपूर्ण संकेत देते हुये संकेत दिये हैं कि पार्टी इस पोस्टर से व्याकुल है। भगवा पार्टी ने उसी दिन हुई उस कैबिनेट मीटिंग के पोस्टर लगा दिये, जिनमें मुख्यमंत्री शिंदे का फोटो नदारद था।

महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को एक और विज्ञापन दिया, जिसमें बैनर पर सबसे ऊपर मोदी, अमित शाह, आनन्द दिप्पे तथा बाला साहेब ठाकरे सहित कई नेताओं के फोटोग्राफ थे, शिंदे का फोटो बीचों बीच था, तथा बैनर के नीचे वाले हिस्से पर (शिंदे के अलावा) शिव सेना के सभी 9 मंत्रियों के फोटो दिये गये थे।

अगले साल होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों से पहले, जाहिर है कि मुख्यमंत्री शिंदे स्वयं को दृढ़तापूर्वक स्थापित करना चाह रहे हैं, जबकि भाजपा की कोशिश उनकी पार्टी को क्षति पहुँचाने की है। चन्द महीने पहले, राज्य भाजपा के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुल ने यह कहते हुये खलबली पैदा कर दी थी कि वे फड़नवीस को मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं। मार्च में बावनकुले ने कहा था कि भाजपा राज्य की 240 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी तथा केवल 48 सीटें ही शिंदे की पार्टी के लिये छोड़ेंगी। पिछले महीने, भाजपा विधायक संजय केलकर ने कल्याण सीट पर अपना दावा ठोका था, जिसका प्रतिनिधित्व इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# न्यू इंडिया अश्योरैंस कंपनी पर 1.30 लाख रू. का जुर्माना

जयपुर, 14 जून (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय, ने वाहन का बीमा क्लेम नहीं देने पर, द न्यू इंडिया अश्यौरैंस कंपनी पर एक लाख तीस हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को ठीक करने के लिए परिवादी की ओर से खर्च की गई करीब 15 लाख बीस हजार रुपए की राशि, नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य श्रीचंद तेतरवाल ने ये आदेश रामनिवास यादव के परिवाद पर दिए।

- **जिला उपभोक्ता आयोग ने क्लेम राशि नहीं देने के कारण बीमा कम्पनी पर जुर्माना लगाया और परिवादी की ओर से खर्च 15 लाख रू. की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए।**

आयोग ने अपने आदेश में कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नये संसद भवन में प्रदर्शित भित्ति चित्र ने बवाल मचाया

## इस भित्ति चित्र में सम्राट अशोक के समय के भारत का चित्रण है, जिसमें दिखाया गया है कि, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान का काफी हिस्सा व सैन्ट्रल एशिया का काफी इलाका सम्राट अशोक का साम्राज्य था

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। नए संसद भवन में लगे नक्शे ने पड़ोसी देशों के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को न केवल चिंतित कर दिया है और विवाद को भी जन्म दिया है।

कई जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया इस नक्शे को समकालीन भारत में इतिहास की संशोधनवादी व्याख्या का एक उदाहरण बता रहे हैं जिससे विवाद व कूटनीतिक संकट पैदा हो रहा है।

भारत के कुटनीतिक विभाग ने हालांतिक इन चिंताओं व आलोचनाओं को यह कहकर नकार दिया कि यह नक्शा अशोक साम्राज्य को दर्शाता है। यह भारत की साम्राज्य निर्माण महत्वाकांक्षा का परिचायक नहीं है।

यह नक्शा नए संसद भवन की दीवार पर बना एक भित्ती चित्र है जिसमें तीसरी सदी ईसा पूर्व के सम्राट अशोक के साम्राज्य को दर्शाया गया है। सम्राट अशोक के नेतृत्व में मौर्य साम्राज्य बहुत दूर तक फैल गया था जिसमें आज का पाकिस्तान, बांग्लादेश, सीलोन (श्रीलंका), अफगानिस्तान और मध्य एशिया के कुछ भाग शामिल थे।

- **स्वाभाविक ही है, पड़ोसी देशों ने इस नक्शे पर काफी आपत्ति जतायी है। क्योंकि, उनके अनुसार यह भारत की विस्तारवादी महत्वकांक्षा का सबूत है।**
- **वे रूस का उदाहरण देते हैं कि, पीटर द ग्रेट के नक्शे को पुतिन ने उपयोग में लिया था और यूक्रेन को रूस का हिस्सा बताया था।**
- **इसी प्रकार चीन भी, चीन के साम्राज्य को आधार बनाकर साऊथ चाइना सी पर अपना एकाधिकार बताता है। जैसा कि विदित ही है, साऊथ चाइना सी वर्तमान में विश्व में व्यापार का बहुत महत्वपूर्ण ‘‘सी-रूट’’ (समुद्री मार्ग) है।**

कुछ मुखर राष्ट्रवादी बताते हैं कि 1947 का खंडित भारत असली भारत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘सरकारी डॉक्टर घर में दवाएं रख सकते हैं’

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के एक आदेश को पलटते हुए, ड्रग्स एण्ड कॉस्मैटिक्स एक्ट 1940 के तहत गिरफ्तार डॉक्टर को दोषमुक्त करते हुए निर्णय दिया कि, एक सरकारी डॉक्टर अपने घर पर दवाएं रख सकता है तथा मरीजों को दे सकता है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश देकर मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को पलट दिया और घर में दवा रखने के आरोप में गिरफ्तार डॉ. अतिलक्ष्मी को दोष मुक्त कर दिया।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, डॉक्टर त्वचा विभाग का हैड ऑफ द डिपार्टमैंट व मैडिकल कॉलेज में अस्टिटैंट प्रोफेसर है तथा ड्रग इन्स्पैक्टर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# करोड़पतियों का भारत से पलायन बदस्तूर जारी है

## देश छोड़ कर जाने वाले धनाढ्यों के लिये सबसे पसंदीदा देश है दुबई व सिंगापुर

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। हेनली प्राइवेट वैल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, देश से अरबपतियों का पलायन जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि 6500 हाई-नैट वर्थ इन्डीविजुअल्स (एच.एन.डब्ल्यू.आई.) के 2023 में निवेश में जाकर बस जाना अपेक्षित है। ज्ञातव्य है कि एच.एन.डब्ल्यू.आई. वैश्विक स्तर पर धन एवं निवेश के देश से बाहर जाने की प्रवृत्ति पर नजर रखती है।

लंदन स्थित हेनली एण्ड पार्टनर्स प्रतिवर्ष ऐसी रिपोर्ट जारी करते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि, ‘‘धनवान भारतीय परिवारों के पसंदीदा देश दुबई तथा सिंगापुर बने हुये हैं। दुबई, जो ‘‘भारत के पांचवे महानगर’’ के रूप में प्रसिद्ध है, खासतौर से सरकार संचालित ग्लोबल इन्वैस्टर ‘‘ग्लोबल वीज़ा’’ प्रोग्रैस, अनुकूल टैक्स व्यवस्था, विशाल बिजनैस ईकोसिस्टम तथा सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल के कारण आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में, पुर्तगाल भी भारतीय अरबपतियों की बड़ी धनराशि का गंतव्य बन गया है क्योंकि लिस्बन में अपने ‘‘गोल्डन रेजीडेंस परमिट प्रोग्रैस’’ की घोषणा कर दी थी। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुर्तगाल का आकर्षक ‘‘परमिट प्रोग्रैस’’ अपनी अधिकतम क्षमता पर पहुंच गया है पुर्तगाल क्योंकि पुर्तगाल गोल्डन रेजीडेन्स परमिट प्रोग्रैस की समाप्ति की घोषणा कर दी गई है, जिसके चलते पुर्तगाल के रियल एस्टेट तथा अन्य जोखिमपूर्ण कार्यों में उल्लेखनीय निवेश हुआ था।

इस साल देश से बाहर जाकर बसने वाले अरबपतियों के मामले में चीन पहले नम्बर पर रहा है। अनुमानतः चीन के 13,500 एन.एन. डब्ल्यू.आई. विदेशों में जाकर बस गये हैं। इस संदर्भ में, चीन के बाद दूसरे स्थान पर भारत रहा है। लेकिन रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी सबसे बड़ी संख्या में अरबपतियों के विदेशों में बस जाने के बावजूद, भारत की स्थिति में सुधार की संभावना है क्योंकि गत वर्ष, विदेश में बस जाने वाले भारतीयों की संख्या 7500 थी। रिसर्च ऐट न्यू वर्ल्ड वैल्थ’’ के प्रमुख एन्ड्रू अमोइल्स कहते हैं कि अरबपतियों का ‘‘यह निर्गमन कोई खास चिंता का विषय नहीं है क्योंकि भारत से जितने अरबपति विदेश जाकर बस रहे हैं, उससे काफी ज्यादा अरबपति यहां बन रहे हैं।’’

- **भारतीयों की दुबई में बढ़ती संख्या के कारण, दुबई को भारत का पाँचवाँ सबसे बड़ा शहर भी कहा जाता है।**
- **यह भी सच है कि, इस पलायन से भारत ज्यादा चिंतित नहीं है, क्योंकि 7 वर्ष में भारत में इतने नये धनाढ्य पनप रहे हैं कि, जाने वालों की संख्या का खास असर नहीं पड़ता।**
- **पर, अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि, पलायन करने में सबसे आगे रहते हैं करोड़पति धनाढ्य। अगर देश का औद्योगिक या व्यापारिक माहौल थोड़ा भी गड़बड़ाता है तो, धनाढ्य सबसे पहले भागते हैं, अतः देश में धनाढ्यों का पलायन, इस बात का प्रारंभिक संकेत जरूर माना जा सकता है कि, कुछ ठीक नहीं चल रहा देश की इकॉनमी में।**

‘‘हेनली एण्ड पार्टनर्स’’ के सी.ई.ओ. ज्यूर्ग स्टीफन कहते हैं कि विदेश जाने वाले अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी प्रायः किसी देश में विश्वास की कमी की ओर संकेत करती है क्योंकि सबसे पहले आम तौर से एच.एन.आई. ही देश छोड़कर जाते हैं। वे कहते हैं, ‘‘सम्पन्न लोग बहुत ज्यादा गतिशील होते हैं तथा उनके देश छोड़कर जाने से किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और उसकी आगामी संभावना की पूर्व चेतावनी के संकेत मिल जाते हैं।’’

इसके अलावा, धन के विदेश जाने की प्रवृत्ति महामारी के पहले वाली स्थितियों की ओर लौट रही है तथा ऑस्ट्रेलिया धन के गंतव्य स्थानों में पुनः पहले नम्बर पर आता प्रतीत हो रहा है तथा चीन, देश छोड़कर जाने वाले एच.एन.आई. की सर्वोच्च संख्या का साक्षी बना हुआ है। रिपोर्ट में सामने आया है कि इस वर्ष देश छोड़कर जाने वाले धनी परिवार ऑस्ट्रेलिया, यू.ए.ई., सिंगापुर, अमेरिका तथा स्विट्जरलैंड को अपने पसंदीदा देश मान रहे हैं, जबकि जिन देशों से सबसे अधिक, अमीर परिवार विदेशों में जा रहे हैं, उनमें चीन, भारत, इंग्लैण्ड, रूस तथा ब्राजील अग्रणी हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल ज्यादातर एच.एन.आई. को आकर्षित करने वाले 10 शीर्ष देशों में से 9 देशों ने ‘‘इन्वैस्टमैंट माइग्रेशन प्रोग्रैस’’, जिसे ‘‘गोल्डन वीजा प्रोग्रैस’’ के नाम से भी जाना जाता है, प्रस्तावित किया है। यह प्रोग्रैस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अपनी ओर खींचने में चुम्बक का काम कर रहा है। रिपोर्ट कहती है, ‘‘सिंगापुर,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘पंजाब में अभी भी 1934 वाले सिविल सेवा नियम चल रहे हैं ’

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सिविल सर्विस रूल्स, 1934 को अपडेट या संशोधित न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की है। अदालत ने कहा कि ऐसा होने से पदों का सही एवं अधिकृत विवरण दूर हो सकेगा तथा भ्रम की स्थिति का निराकरण हो सकेगा।

- **कोर्ट ने यह कहते हुए पंजाब सरकार को फटकारा और सिविल सेवा नियमों को अपडेट करने के निर्देश दिए।**

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ एवं अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन बैंच ने कहा कि नियम समय के साथ नहीं चले है तथा लम्बा समय गुजर जाने के कारण विसंगतियाँ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# जैव विविधता और समृद्धि का धनी है भारत

जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की समृद्धि और विविधता का वर्णन करती है। यह हमारे ग्रह की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण विशेषता है। जैव विविधता के बिना जीवन कायम नहीं रहेगा। जैव विविधता में एक पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीवों की संख्या और उनकी सापेक्ष आवृत्तियाँ शामिल हैं। यह विभिन्न स्तरों पर जीवों के संगठन को भी दर्शाता है। जैव विविधता पारिस्थितिक और आर्थिक महत्व रखती है। यह हमें पोषण, आवास, ईंधन, कपड़े और कई अन्य संसाधन प्रदान करता है। यह पर्यटन के माध्यम से मौद्रिक लाभ भी निकालता है। इसलिए स्थायी आजीविका के लिए जैव विविधता का अच्छा ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

हमारा जीवमंडल बहुत सारी विविधताओं से बना है। जैव विविधता दो शब्दों से मिलकर बनी है। जैव का अर्थ है जीवन और विविधता का अर्थ है अनेकता। किसी विशेष आवास में जीवन की संख्या और विभिन्न प्रकार के जीवन रूपों (पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव) को जैव विविधता कहा जाता है। जैव विविधता को बनाये रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है की हम अपनी धरती के पर्यावरण को बनाये रखे। जैव विविधता का संबंध मुख्य रूप से अलग-अलग तरह के पेड़ पौधों और पशु-पक्षियों का धरती पर एक साथ अपने अस्तित्व को बनाये रखने से है। लाखों विशिष्ट जैविक की कई प्रजातियों के रूप में पृथ्वी पर जीवन उपस्थित है और हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां इन सभी का संरक्षण जरुरी है क्योंकि ये सभी हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

जैव विविधताओं से समृद्ध और परिपूर्ण देश है भारत। यहां पर तीन से चार हजार के करीब जैव-प्रजातियां जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही हैं। यहां हिमालय जैसा विशाल पर्वत है, तो प्रायद्वीपीय पठार भी है, यहां विशाल मैदान है, तो विस्तृत जल-विस्तार भी हैं। यहां हर क्षेत्र में नदियों का जाल बिछा हुआ है, जबकि दक्षिणी तटवर्ती क्षेत्र में समुद्र का विस्तार है। इसलिए, यहां जलचर, थलचर और उभयचर सभी के जीव-जंतु पाएं जाते हैं और पर्याप्त वर्षा तथा जलवायु की विविधता के कारण विविध प्रकार की वनस्पतियां भी मिलती हैं। भारत में संसार का 2.4 प्रतिशत भू-भाग है जिसके 7 से 8 प्रतिशत भू-भाग पर भिन्न प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रजातियों में भारत स्तनधारियों में 7वें, पक्षियों में 9वें और सरीसृप में 5वें स्थान पर है। विश्व के 11 प्रतिशत के मुकाबले भारत में 44 प्रतिशत भू-भाग पर फसलें बोई जाती हैं। भारत के 23.39 प्रतिशत भू-भाग पर पेड़ और जंगल फैले हुए हैं। दुनियाभर की 34 चिह्नित जगहों में से भारत में जैवविविधता के तीन हॉटस्पॉट हैं- जैसे हिमालय, भारत बर्मा, श्रीलंका और पश्चिमी घाट। यह वनस्पति और जीव जंतुओं के मामले में बहुत समृद्ध है और जैव विविधता के संरक्षण का कार्य करता है। पर्यावरण के अहम मुद्दों में से आज जैव विविधता का संरक्षण एक अहम मुद्दा है। जैविक विविधता के संवर्धन और उसके संरक्षण की बड़ी चुनौती है साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों से लोगों की जरूरतों को भी पूरा करना होता है।

> **पृथ्वी पर विविध प्रकार का जीवन विकसित हुआ है जो मानव के अस्तित्व में आने के साथ ही उसकी आवश्यकताओं को पूर्ण करता रहा है और आज भी कर रहा है । प्रकृति में अनेकानेक प्रकार के पादप एवं जीव-जन्तु हैं जो परिस्थितिक तन्त्र के अनुरूप विकसित एवं विस्तारित हुए हैं और उनका जीवन चक्र क्रमिक रूप से चलता रहता है जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है।**

पृथ्वी पर विविध प्रकार का जीवन विकसित हुआ है जो मानव के अस्तित्व में आने के साथ ही उसकी आवश्यकताओं को पूर्ण करता रहा है और आज भी कर रहा है । प्रकृति में अनेकानेक प्रकार के पादप एवं जीव-जन्तु हैं जो परिस्थितिक तन्त्र के अनुरूप विकसित एवं विस्तारित हुए हैं और उनका जीवन चक्र क्रमिक रूप से चलता रहता है जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है। जैसे ही पर्यावरण में प्रतिकूलता आती है, पारिस्थितिक चक्र में व्यतिक्रम आने लगता है। जीव-जन्तुओं एवं पादपों पर संकट आना प्रारम्भ हो जाता है। यही कारण है कि वर्तमान विश्व में अनेक जैव प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं और अनकों संकटग्रस्त हैं। जैव विविधता के ह्रास से प्रायः परितंत्र की उत्पादकता कम हो जाती है, जिसके कारण विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं को प्रदान करने संबंधी उनकी क्षमता भी कम हो जाती है।

जिनका हम लगातार उपभोग करते हैं। इससे परितंत्र में अस्थिरता आती है और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा और तूफान एवं मानव जनित दबावों जैसे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। वातावरण में तीव्र गति से होते नकारात्मक बदलाव के कारण बहुत से पेड़-पौधे और पशु-पक्षी विलुप्त हो चुके है जिससे जैव विविधता को बनाये रखने के स्तर में भी काफी गिरावट आई है। इसलिए यह जरुरी हो जाता है की मानव के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए और अपने वातावरण की शुद्धता के लिए इन नकारात्मक बदलावों को काबू किया जाये ।

जैव-विविधता से हमारे रोजमर्रा की जरूरतों यथा रोटी, कपड़ा, मकान, ईधन, औषधियों आदि आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में भी सहायक होती है। पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक स्थिरता, फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ तपन, बाढ़, सूखा, भूमि क्षरण आदि से बचाव के लिए जैव-विविधता संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। वर्तमान में मनुष्य का तकनीक की तरफ इतना ज्यादा झुकाव हो गया है वह इसके दुष्परिणाम को भी नहीं समझना चाहता। मानव के लिए यह सही समय है कि वह इस संकट को गंभीरता से ले और वातावरण को शुद्ध बनाने का संकल्प ले।

साफ-सुथरा वातावरण ही समृद्ध जैव विविधता को बढ़ावा दे सकता है। हर एक वनस्पति तथा जीव को रहने योग्य बनाने में अलग-अलग उद्देश्य है। इसलिए हमें अपने वातावरण की शुद्धता को उच्च स्तर तक पहुँचाना है तो जैव विविधता के संतुलन को बनाये रखने पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। जिससे मानव जाति को जीवनयापन में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 15 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, भरणी नक्षत्र दिन 2:12 तक, सुकर्मा योग रात्रि 2:02 तक, तैतिल करण प्रातः 8:33 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:33 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग दिन 2:12 से सूर्योदय तक है। आज आषाढ़ संक्रान्ति है। सूर्य मिथुन राशि में सांय 6:161 से प्रवेश करेगा। पुण्य काल दिन 11:52 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत, राज्य संक्राति है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:14 तक, चर 10:44 से 12:27 तक, लाभ-अमृत 12:27 से 3:52 तक, शुभ 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। शुभ-मांगलिक कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

**तुला**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता हैं।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# ज्यों ज्यों दवा दी, मर्ज बढ़ता ही गया!



प्रकाश चंद्र शर्मा

**भारत** में ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी भ्रष्टाचार के बेलगाम ऊंट की नाक में नकेल कसने के लिए लगभग सभी देशों में कड़े कानून लागू हैं। संशोधनों के जरिए साल-दर-साल सख्त किए जा रहे इन कानूनों में भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए नित नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। इसके बावजूद भी भ्रष्टाचार का सरपट दौड़ता ऊंट अभी तक काबू वाले पहाड़ के नीचे नहीं आ पाया है। भ्रष्टाचार के इस रंग में न सिर्फ़ राजनेता बल्कि सरकारी अफसर और उनके अधीनस्थ काम करने वाले कर्मचारियों की भी बड़ी तादाद सीधे तौर पर रंगी हुई है। आम चलन में अब भ्रष्टाचार भी एक प्रकार का शिष्टाचार बन चुका है, जहां किसी काम के बदले दी और ली जाने वाली घूस को दोनों ही पक्ष अपना कर्तव्य और अधिकार मानने लगे हैं। भ्रष्ट आचरण से जुड़ा यह कार्य भारी प्रचलन के कारण धीरे-धीरे दो पक्षों के समझौते में तब्दील सा हो चुका है। इसमें एक पक्ष सभ्य कहलाने वाला वह नागरिक होता है, जिसकी किसी कार्य से सम्बंधित पत्रावली किसी सरकारी, अद्धर्सरकारी या गैर सरकारी दफ्तर में लम्बित होती है। जायज कार्य होने के उपरांत भी यह पक्ष घूस रहित आम रास्ते पर चलने के बजाय पगडंडियों की उस राह को चुनता है, जहां हर कदम पर रिश्वत का राक्षस मुंह फाड़े खड़ा हुआ है। इस पक्ष की स्थिति कमोबेश उस मरीज जैसी होती है, जिसे सरकारी अस्पताल में मुफ्त दिखाने के बजाय डॉक्टर से घर पर फीस देकर उपचार लिखाने पर ही संतुष्टि मिल पाती है। दूसरे पक्ष में वे तमाम घूस-भक्षक हैं, जो अपने दफ्तर के दरवाजे पर हर पल गिद्ध जैसी नजरें टिकाए सिर्फ़ शिकार के इंतजार में रहते हैं। पद पर आसीन होने से पूर्व ईमानदारी, सदाचरण और राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा की शपथ धारण करने वाला यह दूसरा पक्ष वेतन से होने वाली कमाई को शुमार करने के बजाय रिश्वत से होने वाली अनैतिक कमाई को अपना नैतिक अधिकार समझता है और इसी के चलते भ्रष्टाचार से सम्बद्ध तमाम कार्यकलाप अब सर्वस्वीकार्य हो चुके हैं। खास बात यह है कि नैतिकता के पतन को स्थापित करने वाले इस विश्वव्यापी हमाम में सभी लोग नंगे हैं। वर्तमान में कोई भी देश भ्रष्टाचार के दंश से अछूता नहीं है।

भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है-भ्रष्ट आचरण। ऐसा कार्य जो अपने स्वार्थ सिद्धि की कामना के लिए समाज के नैतिक मूल्यों को ताक पर रख कर किया जाता है, भ्रष्टाचार कहलाता है। भ्रष्टाचार भारत समेत अन्य विकासशील देशों में तेजी से फैलता जा रहा है। भ्रष्टाचार के लिए हम देश के राजनेताओं को ही ज़िम्मेदार मानते हैं पर सच्चाई यह है कि देश का आम नागरिक भी भ्रष्टाचार में विभिन्न स्वरूपों में संलिप्त है। वर्तमान में कोई भी क्षेत्र भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। व्यक्ति का लोभी स्वभाव यानि लालच और असंतुष्टि एक ऐसा विकार है, जो व्यक्ति को बहुत अधिक नीचे गिरने पर विवश कर देता है। यह जानते हुए भी कि मृत्यु के उपरांत वह एक छोटी सी सूई भी अपने साथ नहीं ले जा सकता, व्यक्ति के मस्तिष्क में सदैव ही अपने धन को बढ़ाने की प्रबल इच्छा उत्पन्न होती है। आदत व्यक्ति के व्यक्तित्व में बहुत गहरा प्रभाव डालती है। एक मिलिट्री रिटायर्ड ऑफिसर रिटायरमेंट के बाद भी अपने ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त किए अनुशासन को जीवन भर वहन करता है।

व्यक्ति के दृढ़ निश्चय कर लेने पर कोई भी कार्य कर पाना असंभव नहीं होता, वैसे ही भ्रष्टाचार होने का एक प्रमुख कारण व्यक्ति की मनसा (इच्छा) भी है। भ्रष्टाचार देश में लगा वह दीमक है जो अंदर ही अंदर देश को खोखला कर देता है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना है, जो यह दिखाता है कि व्यक्ति लोभ, असंतुष्टि, आदत और मनसा जैसे विकारों की वजह से कैसे मौके का फायदा उठा सकता है? अपना कार्य ईमानदारी से न करना भ्रष्टाचार है, अतः ऐसा व्यक्ति भ्रष्टाचारी है। समाज में आये दिन इसके विभिन्न स्वरूप देखने को मिलते हैं। भ्रष्टाचार के संदर्भ में यह कहना मुझे अनुचित नहीं लगता, वही व्यक्ति भ्रष्ट नहीं हैं जिन्हें भ्रष्टाचार करने का अवसर नहीं मिला।

**भ्रष्टाचार के विभिन्न प्रकार**

सरकारी काम करने के लिए कार्यालय में चपरासी से लेकर उच्च अधिकारी तक पैसे लेते हैं। इस काम के लिए उन्हें सरकार से वेतन प्राप्त होता है। ऐसी सूरत में आम नागरिक की मदद करना उनका संवैधानिक दायित्व है। इसके साथ ही देश के नागरिक भी अपना काम जल्दी कराने के लिए उन्हें पैसे प्रलोभन देते हैं, अतः यह भ्रष्टाचार है।

नागरिकों द्वारा टैक्स भुगतान करने हेतु प्रत्येक देश में एक निर्धारित पैमाना तय किया गया है लेकिन कुछ व्यक्ति सरकार को अपने आय का सही विवरण नहीं देते और टैक्स की चोरी करते हैं। यह कार्य भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में अंकित है। शिक्षा तथा खेल के क्षेत्र में घूस लेकर लोग मेधावी व योग्य उम्मीदवार को सीटें नहीं देते बल्कि जो उन्हें घूस दे, उन्हें दे देते हैं।

भ्रष्टाचार के परिणाम

समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार देश की उन्नति में सबसे बड़ा बाधक तत्व है। इसके वजह से गरीब और गरीब होता जा रहा है। देश में बेरोजगारी, घूसखोरी, अपराध की मात्रा में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है यह भ्रष्टाचार के फलस्वरूप है। किसी देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारणवश परिणाम यह है कि विश्व स्तर पर देश के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जाते हैं।

माना कि राजस्थान सबसे भ्रष्ट राज्य है लेकिन भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई का आंकड़ा देखा जाए तो प्रति वर्ष राजस्थान एसीबी भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर बड़े पैमाने के साथ शिकंजा कस रही है। राजस्थान में कोई भी ऐसा महकमा नहीं है, जहां भ्रष्टाचार फैलाने वाले बाबू से लेकर बड़े अधिकारी तक एसीबी की गिरफ्त में ना आए हों।

**क्या कहते हैं राजस्थान में एसीबी के आंकड़े ?**

**बिना डीजी के चल रहा है राजस्थान में एसीबी का दफ्तर!**

राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार को काफी गंभीरता से लेते हुए एसीबी के आला अधिकारियों को भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ राजस्थान एसीबी की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। माना कि राजस्थान सबसे भ्रष्ट राज्य है, लेकिन यदि भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई का आंकड़ा देखा जाए तो प्रति वर्ष राजस्थान एसीबी भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर बड़े पैमाने के साथ शिकंजा कस रही है। एसीबी के कार्रवाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलेगा कि राजस्थान एसीबी चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग सहित विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर नकेल कसने में लगी हुई है। ट्रैप की कार्रवाई के साथ-साथ एसीबी द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में और साथ ही पद के दुरुपयोग के मामलों में भी ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है।

वही वर्ष 2023 में जनवरी माह में जयपुर एसओजी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,जैसलमेर में तीन सहायक लेखाधिकारी व झुंझुनूं में पंचायत समिति के विकास अधिकारी को तथा फरवरी माह में जोधपुर में आबकारी निरीक्षक व मार्च माह में झालावाड़ में सरपंच, सहकारिता विभाग, हनुमानगढ़ में क्षेत्रीय उपनिदेशक कृषि, चित्तौड़गढ़ में राजकीय अस्पताल के चिकित्सक, जोधपुर में दो थानाधिकारी, अलवर में पीडब्ल्यूडी का एसई, अप्रेल माह में झालावाड़ में सहकारिता विभाग व तहसीलदार, अजमेर में संभागीय आयुक्त कार्यालय का रीडर, मई माह में झुंझुनूं में स्वास्थ्य विभाग डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर, सिरोही में कोतवाली उप निरीक्षक, उदयपुर में उप निरीक्षक पुलिस व यूडीएच में उच्च अधिकारी, भरतपुर में अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी व पीएचईडी में एक्सईएन, जयपुर में नगर निगम का एआरओ, चित्तौड़गढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बांसवाड़ा में सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कोटा में दिल्ली पुलिस के एएसआई तथा जून माह में सवाईमाधोपुर में थानाधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एसीबी के आला अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति उनके आसपास भ्रष्टाचार फैला रहा है या फिर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है तो उसकी शिकायत एसीबी मुख्यालय तक अवश्य पहुंचाएं। सूचना देने वाले का नाम एसीबी सदैव ही गुप्त रखती है।

**– प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# राकेश जायसवाल ने 64वीं बार रक्तदान किया

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में प्रथम सदर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में बहरोड क्षेत्र में 24 घंटे अज्ञात लोगों की रक्तदान में मदद करने वाले पीजी कॉलेज बहरोड के रक्तदाता राकेश जयपाल ने रक्तदाता टीम की उपस्थिति में 64 वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम की।

कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र सिंह राघव रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नए सदर थाना बहरोड के पुलिस अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान संयोजक राघव ने थीम गिव ब्लड एंड सेव लाइफ का उदाहरण पेश करते हुए बताया कि रक्तदान महादान है। सदर थाने के जितेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 64वीं बार रक्तदान करने पर राकेश जयपाल को माला पहनाते प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर आमजन को रक्तदान महादान का संदेश देते हुए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होने की बात कही। इसी दौरान सभी रक्त वीरों का धन्यवाद दिया गया तथा बताया गया कि समाज सेवा में अनेक संस्थाएं लगातार काम कर रही हैं। जिसमें से रक्तदान एक सर्वश्रेष्ठ कार्य है। जिसके चलते कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र सिंह द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो आदि एवं फलाहार भेंट करते हुए रक्त वीरों की सराहना की। वहीं पर्यावरण प्रेमी हरपाल सिंह यादव ने सभी रक्त वीरों की हौसला अफजाई की। इसी दौरान अजीत सिंह द्वारा 26 वीं बार रक्तदान किया गया तथा टीम के उदेश कुमार स्वामी, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश यादव, प्रदुमन, दीपक, मनीष जांगिड़, सचिन यादव, सीताराम सहित हॉस्पिटल आष्टा स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



रक्तदाता राकेश जायसवाल का सम्मान किया।

# संस्था प्रधान और स्टाफ के जुनून ने विद्यालय की तस्वीर बदल दी




राज. उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी के प्रधानाध्यापक और उनके स्टाफ साथियों ने ग्रामीणों के सहयोग से स्कूल की कायापलट की।

**सादुलपुर,** (निसं)। सरकारी विद्यालय का नाम आते ही जहन में टूटी-फूटी बिल्डिंग, छतों से टपकता पानी और बेहाल व्यवस्थाएं नजर आती है, लेकिन तहसील मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर राजगढ उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में एक सरकारी विद्यालय ऐसा है, जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी के प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल और उनके स्टाफ साथियों ने ग्रामीणों के सहयोग से दो वर्ष से कम समय में स्कूल की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल दी है।

शिक्षण, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए काम दूसरे स्कूलों के लिए नजीर बन चुका है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने बताया कि रा.उ.प्रा.वि. लुटाना मगनी में भवन जर्जर अवस्था में था, जिसकी वजह से नामांकन भी लगातार घट रहा था। ऐसे समय में बाडमेर से स्थानांतरित होकर अगस्त 2021 में प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल ने विद्यालय में कार्यग्रहण किया। और इसके साथ ही विद्यालय के दिन बदलने लगे। प्रधानाध्यापक गोठवाल ने और विद्यालय के स्टाफ ने कायाकल्प का बीडा उठाया एवं स्टाफ साथियों व ग्राम पंचायत सरपंच, ग्रामीणों तथा गाँव के युवा साथियों के सहयोग से विद्यालय का कायाकल्प कर दिया। जहां विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में था। वहीं अब दो कमरे जनसहयोग से एवं तीन कमरे ग्राम पंचायत गागडवास की तरफ से जीर्णोद्वार करके तैयार किए गए हैं। पीने के पानी के लिए वाटर कूलर, डिजिटल शिक्षा के लिए एलईडी, प्रोजेक्टर इसके साथ सम्पूर्ण विद्यालय का रंग रोगन, आकर्षक शिक्षा सहायक साम्रगी दीवारों पर लिखवाई है। शिक्षक चाह जाएं तो स्कूल का माहौल बदल सकता है। ऐसा ही कुछ प्रयास विद्यालय के स्टाफ साथियों और संस्था प्रधान ने और उसमें सहयोग दिया ग्रामीणों और गाँव के युवा सथियों सभी ने मिलकर स्कूल की तस्वीर ही बदल दी। स्कूल और शिक्षा व्यवस्थाओं सुधारने के जुनून के साथ इन्होनें सरकारी स्कूल का कायाकल्प ही कर दिया। डेढ साल में इस स्कूल की तस्वीर बदल कर नजीर पेश की है। यही वजह है कि स्कूल में नामांकन बढ रहा है।

**स्कूल की दशा सुधारने के लिए पहले भामाशाहों की मदद के साथ खुद एवं स्टाफ ने भी लगाए पैसे:-** पूरे स्कूल का रिनोवेशन किया गया। इस काम में भामाशाहों की मदद तो ली ही गई साथ ही विद्यालय का स्टाफ ओमप्रकाश, अशोक सहारण, किरण स्वामी, रंजना, उषा और संस्था प्रधान भी पीछे नहीं रहे। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए स्कूल में पौधे लगाए गए, जिससे स्कूल में हर तरफ हरियाली फैली हुई है। स्कूल भवन के रंग रोगन से सूरत बदलने के साथ ही दीवारों पर आकर्षक ढंग से बालिका शिक्षा, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी संदेश अंकित किए गए।

> ■ **स्कूल की दशा सुधारने के लिए पहले भामाशाहों की मदद के साथ खुद एवं स्टाफ ने भी लगाए पैसे**
>
> ■ **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है**

बिजली जाने पर बच्चों की पढाई बाधित नहीं हो इसलिए डबल बैटरी इन्वर्टर की व्यवस्था भी की गई है। खास बात यह है कि स्कूल के बदलते स्वरूप को देखते हुए अभिभावक भी मदद के लिए आगे आने लगे है।

बबलेश शर्मा सीबीइओ राजगढ का कहना है कि प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। इनका विद्यालय के प्रति समर्पण, त्याग, विद्यालय के प्रति लगाव, जोश,जज्बा तारीफ ए काबिल है। ग्रीष्मावकाश में भी लगातार आप विद्यालय में जाकर विद्यालय की सेवा कर रहे हैं ये प्रशंसनीय एंव अनुकरणीय है। अल्प समय के कार्यकाल में इन्होंने विद्यालय की कायापलट कर दी। आप ने साबित कर दिया यदि इच्छाशक्ति हो तो व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है। ये तन, मन, धन से विद्यालय की सेवा में लगे हुए हैं। इनकी इसी कार्यशैली से इनके फरवरी माह में जन्मदिन पर 252 यूनिट रक्तदान और अपने पूर्व पदस्थापन स्थान बाडमेर के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी, जो आज भी इनको उतने ही स्नेह से याद कर रहे हैं। आपकी कार्यशैली को सैल्यूट करते हैं। सभी शिक्षकों, संस्था प्रधानों के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। आपके जोश, जज्बे को सलाम।

पवन गोठवाल प्रधानाध्यापक राउप्रावि लुटाना मगनी का कहना है कि जिस स्थान पर हम काम करते हैं उसे यदि अपना मान कर काम किया जाए तो नामुमकिन कुछ भी नहीं है। जब मैंने इस स्कूल का कार्यभार संभाला तो मेरी स्वर्गीय पूजनीय माताजी के आशीर्वाद से मन में चाह थी कि जहां काम कर रहा हूं उस स्थान के लिए कुछ कर सकूं। इसी सोच के साथ प्रयास किया,आदरणीय सीबीइओ सर पीओ सर के मार्गदर्शन में स्टाफ एंव ग्रामीणों सरपंच साहब और युवा साथियों ने मदद की और परिणाम आपके सामने हैं।

ओमप्रकाश खरबास शिक्षक स्टाफ का कहना है कि संस्था प्रधान और समस्त स्टाफ ने मिलकर और समस्त ग्रामवासियों और सरपंच के सहयोग से विद्यालय को बेहतरीन बनाने की कार्ययोजना बनाई और आज हम सब का सपना साकार हुआ।

# सियासी आरोपों के बीच ई.डी. ऑफिस जयपुर के भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ

## मुख्यमंत्री गहलोत के अधीनस्थ वित्त विभाग ने मंजूर किया ई.डी. का प्रस्ताव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान सरकार ने एन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ई.डी.) के जयपुर ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ कर दी है। वैसे तो राजस्थान में ई.डी. की छापेमारी के बाद मुख्यमंत्री गहलोत और उनके समर्थक कांग्रेस नेता इन दिनों लगातार ई.डी. की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। इसी घटनाक्रम के बीच 13 जून को मुख्यमंत्री गहलोत की सरकार के वित्त विभाग ने ई.डी. के रीजनल ऑफिस भवन की लीज डीड पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी की है। बताया जा रहा है कि जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया में ई.डी. के जोनल ऑफिस का भवन बना है। इस भवन की लीज डीड पर अब जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) को कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी।

■ **देखा जाए तो राजस्थान में पेपरलीक मामले में हुई ई.डी. की छापेमारी के बाद एक तरफ गहलोत लगातार ई.डी. और केन्द्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, दूसरी तरफ राजस्थान सरकार द्वारा ई.डी. को राहत देना चर्चा का विषय बन गया है।**

सूत्रों की मानें तो ई.डी. ने वित्त विभाग को जोनल ऑफिस के भवन पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे वित्त विभाग ने मंजूर करते हुए अब रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी की है। राजनैतिक गलियारों में चर्चाएं है कि ई.डी. के जोनल ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस ऐसे वक्त पर माफ की गई है, जब प्रदेश में पेपरलीक मामलों को लेकर ई.डी. के छापों पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप जारी है। इसलिए इस फैसले की चर्चा हो रही है। चूंकि वित्त विभाग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास है, ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस फैसले में मुख्यमंत्री की हामी शामिल है। बताया जा रहा है कि वित्त विभाग का यह फैसला वैसे तो सामान्य फैसला है। आमतौर पर केन्द्र और राज्य के दफ्तरों के लिए राज्य सरकार, सस्ती दरों पर जमीन आवंटित करती है और कई तरह की फीस भी माफ करती रही है। केंद्र और राज्य के विभाग सरकार को छूट का प्रस्ताव भेजते हैं, जिस पर वित्त विभाग मंजूरी देता है। ईडी ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ भी इसी में माना जा रहा है, लेकिन जिस वक्त पर यह फैसला हुआ है, वह सियासी घटनाक्रम के बीच है, इस कारण इसकी चर्चाएं होना स्वाभाविक है।

इधर, सूत्रों के अनुसार रीट मामले में ईडी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष डीपी जारौली को पूछताछ के लिए नोटिस देने की तैयारी कर रही है। हाल ही में मामले को लेकर राजीव गांधी स्टडी सर्किल के स्टेट कॉर्डिनेटर बनय सिंह से पूछताछ के बाद अब ईडी जारौली को भी नोटिस देने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार ईडी को बनय सिंह से पूछताछ में कई जानकारी मिली थी। इसी को आधार बनाकर अब जारौली पर कार्रवाई हो सकती है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए रामेश्वरम्-मुदरई ट्रेन रवाना




जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत रामेश्वरम-मदुरई जाने वाले यात्रियों को परिजनों ने रवाना किया।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को विशेष आदर और सम्मान दिया जाता है। इन्हीं भावनाओं के साथ हमने जिम्मेदारी निभाते हुए अगस्त, 2013 में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत की थी। उस समय 41 हजार यात्रियों को विभिन्न स्थलों पर भेजकर दर्शन कराए गए। अब तक 1.17 लाख वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराई जा चुकी है।

गहलोत ने बुधवार को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत रामेश्वरम-मदुरई जाने वाले यात्रियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजना के विस्तार में नए तीर्थ स्थलों को भी जोड़ रही है। इसमें राज्य सरकार सम्पूर्ण खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार द्वारा 5 साल में सिर्फ 47 हजार यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा कराई गई, जबकि हमने योजना में नए तीर्थ स्थल जोड़कर इसे आगे बढ़ाया। इस वर्ष बजट घोषणा के अनुरूप 40 हजार लोगों को यात्रा कराई जाएगी। साथ ही कोरोना काल में वंचित एक लाख यात्रियों को 2 साल में तीर्थ दर्शन कराएंगे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाता व संस्थाएं सम्मानित

**जयपुर।** विश्व रक्तदान दिवस पर इस वर्ष की थीम 'गिव ब्लड, गिव प्लाज्मा, सेयर लाइफ, सेयर ओफन' के साथ बुधवार को स्वास्थ्य भवन में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 20 रक्तवीरों एवं 20 स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि रक्तदान करने के प्रति रक्तवीरों में जनून होता है, और ऐसे बिरले ब्लड डोनर ही जीवनदाता कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तवीर के रूप में स्वयं निरंतर आगे आ रहे नवयुवक और संस्थाएं प्रेरणा स्त्रोत हैं जिनकी प्रशंषा व सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण हैं।

मिशन निदेशक ने बताया कि आज 14 जून को विश्वभर में बिना किसी प्रलोभन के मानव सेवा के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं और संस्थाओं के उल्लेखनीय योगदान के लिए यह दिवस मनाया जाता है।निदेशक आरसीएच डॉ.आर.पी.डोरिया ने बताया कि सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 20 रक्तवीरों एवं 20 स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। राज्य नोडल अधिकारी, ब्लड सेल डॉ. गिरीश द्विवेदी ने बताया कि रक्तदाता दिवस के अवसर पर राज्य मुख्यालय सहित प्रदेशभर में 200 से अधिक ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किये गए।




सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित समारोह में 21 बार रक्तदान कर चुके नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीना का सम्मान किया गया।

विश्व रक्त दान दिवस पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित समारोह में सर्वाधिक रक्तदान करने के लिए नर्सिंग ऑफिसर मनोज दुब्बी को एनएचएम मिशन निदेशक डॉ, जितेंद्र सोनी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा-प्रिंसिपल, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ भीम सिंह मीणा ने सम्मानित किया। मनोज दुब्बी 2009-10 से अब तक जरूरतमंदों के लिए 21 बार रक्तदान कर चुके है।

## प्रदेश में दो नए संक्रमित मिले

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के दो नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस बीच एक संक्रमित के ठीक हुआ है। राज्य में फिलहाल 18 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में बुधवार को उदयपुर में दो नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को राज्य में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया था। इधर, राज्य में आज 1940 कोविड जांच की गई है।

# उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में डॉ. सतीश पूनिया ने जनसभा को संबोधित किया

**मैनपुरी/जयपुर।** उत्तरप्रदेश प्रवास पर लगातार दूसरे दिन राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मैनपुरी में जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन से संवाद किया। जनसभा में सतीश पूनिया ने कहा कि, मोदी सरकार के 9 वर्ष के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित कालखंड का यह कार्यक्रम है, जो देशभर के लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से लाभार्थियों, प्रबुद्धजन, कार्यकर्ताओं और आमजन से संवाद किया जा रहा है।

■ **'योगी घर के भीतर भी शासन देते हैं और मोदी घर के बाहर भी लोगों को सुरक्षा देते हैं, लोगों का भरोसा भाजपा पर और ज्यादा प्रबल हुआ'**

उन्होंने कहा कि, नरेन्द्र मोदी ने क्या दिया और भाजपा ने क्या किया, आपको वही स्मरण दिला रहा हूं कि जब पानी के पाउच के लिए लाइन लगती थी तो देश में असंख्य कंठ सूखे थे, लोगों के घरों में नलों में पानी नहीं था, आप कल्पना कीजिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना को और उनके विचार को उन्होंने जल जीवन मिशन के जरिए संकल्प लिया कि वर्ष 2024 तक हर घर तक नल पहुंचेगा और जल पहुंचेगा। जल जीवन मिशन योजना का लाभ मैनपुरी की जनता को भी मिला है। दुनिया की सबसे भीषण महामारी कोरोना में संयुक्त राष्ट्र संघ ने चिंता व्यक्त की थी दुनिया की सबसे दूसरी बडी आबादी का देश हिंदुस्तान इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। आज बैंक का खाता सामान्य लगता होगा, लेकिन मुझे याद आता है कि कांग्रेस राज में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि मैं एक रुपया भेजता हूं तो 15 पैसे पहुंचते हैं, 85 पैसे कहां जाते थे, इसका कोई हिसाब किताब नहीं था।

## कांग्रेस के पास ना नीति और ना ही नेता, ये सरकार रिपीट नहीं, डिलीट है : सी. पी. जोशी

**सीकर/जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि गहलोत और सरकार दोनों ही मुगलिया प्रेमी है। जब सिलेबस से मुगल आक्रांताओं के पाठ हटा दिए जाते हैं तो मुख्यमंत्री को तकलीफ होती है। जब एनसीईआरटी ने सिलेबस से मुगल आक्रांताओ का पाठ हटा दिया और हमारे गौरवशाली योद्धाओं के पाठ को जोड़ दिया तो इसी सरकार ने डेढ़ करोड़ किताबों को कबाड़ में डाल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 9 वर्षों के शासन में समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए विकास के कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस की सरकार ने केवल नारे दिए, वादे किये थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा, वादे किये वह सब पूरे करके दिखाये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस के शासन में यदि 60 वर्षों में ईमानदारी से विकास का काम होता तो भारत दुनिया का सर्वोच्च राष्ट्र बनता। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 9 वर्षों में ही देश को दुनिया में सर्वोच्च शिखर पर लाने का काम किया है। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए जोशी ने कहा कि कांग्रेस के पास ना तो नीति है और ना नेता। कांग्रेस की सरकार झूठ के बुनियाद के आधार पर बनी है। किसानों का कर्जा माफ नहीं किया। बिजली के दाम बढ़ा दिए। भाजपा सरकार के समय दस हजार रूपये बिजली के बिल माफ किये थे कांग्रेस ने वापस शुरू कर दिये। राजस्थान में डीजल, पेट्रोल, बिजली सबसे महंगी है। यदि कांग्रेस सरकार जनता को राहत ही देना चाहती है तो साढ़े चार वर्षों में जनता से लूटे गये पैसे वापस दे। जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सुरक्षा, दलित अत्याचार, बच्चों, महिला अत्याचार, पेपर लीक, तुष्टिकरण मामलों में एक नंबर पर आता है। कहा कि शिक्षा में राजस्थान के महापुरूषों का नाम बाहर करके मुगलों के नाम जोड़ दिए है। कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं होगी बल्कि डिलीट होगी।

# क्या बिना अध्यक्ष के ही होगी राजस्थान यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक?

## एक महीने की लंबी मतदान प्रक्रिया के बावजूद सर्वाधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवार के निर्वाचन की नहीं हुई घोषणा, इसलिए बढ़ा विवाद

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया से भी लंबी चल चुकी है। इसके बावजूद राजस्थान में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद का निर्वाचन अभी तक निश्चित नहीं किया जा सका है। ऐसे में जब राजस्थान की कार्यकारिणी की बैठक होगी, तो उसकी अध्यक्षता करने के लिए राजस्थान के अध्यक्ष का चेहरा नहीं होगा। ऐसे में राज्य की इकाई की बैठक की अध्यक्षता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे।

दरअसल जबसे यूथ कांग्रेस की प्रक्रिया पूरे देश में चुनावी शुरू हुई है, तबसे इसमें लगातार भ्रांतियां हैं और इन्हें भ्रांतियों के कारण हर बार यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया को बदल दिया जाता है। पदों को नाम बदल दिया जाता है, लेकिन इसमें विवाद खत्म नहीं होता। इस बार भी वैसा ही हुआ है। यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया राजस्थान में 2010 में शुरू हुई थी और तब से लेकर अब तक 13 साल में मात्र 2 निर्वाचित अध्यक्ष बने हैं। यानी कि जिस प्रक्रिया के तहत 13 साल में मात्र दो अध्यक्ष पवन गोदारा और अशोक चांदना ही निर्वाचित हो पाए हैं। इससे प्रतीत होता है कि यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया में कुछ भी निश्चित नहीं है। अध्यक्ष का कार्यकाल तक निश्चित नहीं है। प्रक्रिया निश्चित नहीं है। वोटिंग पैटर्न भी हर बार बदल दिया जाता है। इसके बावजूद इसमें भ्रांतियां और विवाद खत्म नहीं होते हैं।

इस बार भी वैसा ही हो रहा है। राजस्थान में इस बार 28 फरवरी से 3 अप्रैल तक मतदाता तैयार करने और वोटिंग की प्रक्रिया रखी गई थी और यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई थी। ऑनलाइन मतदान के जरिए जिस दिन किसी को सदस्य बनना था, उसी दिन उसे अपने उम्मीदवार भी चुनने थे। यानी कि 50 देने के बाद ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत मतदाता बनाए गए और मतदाता उसी दिन अपना वोट भी कास्ट करते रहे। इस प्रक्रिया के तहत करीब 20 लाख वोटर बनाने के जरिए यूथ कांग्रेस को कुल 10 करोड़ प्राप्त हुए। इस प्रक्रिया 1 महीने चलने के बाद में इसमें से बड़ी संख्या में वोटों को निरस्त कर दिया गया। उसके बाद बाकी बचे वोटों की गिनती प्रक्रिया हुई और उस प्रक्रिया के तहत अभिमन्यु पूनिया बाकी उम्मीदवारों से 30,000 ज्यादा लेकर पहले नंबर पर रहे। उसके बाद सुधींद्र मूंड और यशवीर सुधार रहे। उसके अलावा बाकी अन्य लोग नीचे रहने के बाद उपाध्यक्ष,महामंत्री बने। यहां तक तो प्रक्रिया ठीक थी, लेकिन सर्वाधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवार को अब तक यहां पर अध्यक्ष निर्वाचित घोषित नहीं किया गया है।

■ **हर बार यूथ कांग्रेस निर्वाचन की प्रक्रिया भी बदली जाती है, लेकिन ना विवाद समाप्त होते हैं ना भ्रांतियां**

■ **यही कारण है कि 13 साल में राजस्थान में सिर्फ दो अध्यक्ष निर्वाचित हो पाए हैं, क्योंकि अध्यक्ष के कार्यकाल को लेकर भी कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं है**

वैसे इस प्रक्रिया में कहा गया था कि जो पहले तीन नंबर के उम्मीदवार वोट लेकर आएंगे, उनके इंटरव्यू लिए जाएंगे। इस प्रक्रिया पर सवाल उठा था कि निर्वाचन प्रक्रिया में कोई सर्वाधिक वोट लेता है, तो उसे निर्वाचित घोषित किया जाता है, फिर इंटरव्यू क्यों? सवाल उठे कि क्या किसी कंपनी का कोई सीईओ चुना जा रहा है। कंपनी का कर्मचारी चुना जा रहा रहा है, जिसका इंटरव्यू लिया जाना है।

हालांकि विवाद और सवाल उठने के बावजूद यह प्रक्रिया जारी रही और यही कारण है कि अब जब यूथ कांग्रेस राजस्थान की पहली कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को होने जा रही है, तब तक राजस्थान में कोई अध्यक्ष नहीं है।

# बिपरजॉय चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए एस. डी. आर. एफ. की 17 टीमें नियुक्त, 30 रिजर्व में : मुख्य सचिव

**जयपुर,(का.सं.)।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि बिपरजॉय चक्रवाती तूफान से बचाव को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से तैयार है। किसी भी हालात से निपटने के लिए एस.डी.आर.एफ की 17 टीमें नियुक्त की गई हैं और 30 टीम रिजर्व में हैं। जहां कही भी इसकी जरूरत होगी, वहां इन्हें भेजा जाएगा। शर्मा बुधवार को शासन सचिवालय में बिपरजॉय चक्रवाती तूफान के असर से राजस्थान को बचाने के लिए जिला कलेक्टरों की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा उपस्थित रहे तथा प्रभावित होने वाले जिलों के कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडे।

उषा शर्मा ने कहा कि बिपरजॉय को लेकर हमारी तैयारियों का स्तर इस प्रकार का होना चाहिए कि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने हेडक्वांटर पर मौजूद रहें। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने लोगों में इस प्राकृतिक आपदा से बचाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों में जलमग्नता की वजह से लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके लिए ग्राम प्रधान, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, सभी पंचायत समिति के सदस्यों का उपयोग कर लोगों में जागरूकता फैलाई जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान हमेशा से आपदा प्रबंधन में अव्वल रहा है। इस बार भी हम इससे अच्छे से गुजर जाएंगे। बैठक में मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह सिस्टम 16 जून को डीप डिप्रेशन के रूप में जालोर और बाड़मेर में प्रवेश करेगा जिसकी स्पीड 50 से 60 किमी/घंटा रह जाएगी। इस वजह से प्रदेश में भारी बारिश और आंधी आ सकती है। पश्चिम राजस्थान में 300-400 मिमि तक बारिश हो सकती है। 17 जून के बाद यह सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाएगा। बैठक में उपस्थित जिला कलेक्टरों ने आश्वासन दिया कि बिजली, मेडिकल, पुलिस जैसे विभागों को सचेत कर दिया गया है, वे अपनी मशीनरी के साथ सर्तक हैं।

बैठक में एस.डी.आर.एफ के सदस्य, मौसम विभाग के अधिकारी, कर्नल अजय सिंह राठौड़, विंग कमांडर के राजेश उपस्थित रहे। और प्रभावित होने वाले जिलों के कलेक्टर ऑनलाइन उपस्थित रहे।



बिपरजॉय तूफान से निपटने के लिये मुख्य सचिव उषा शर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली।

■ **तूफान 16 जून को डीप डिप्रेशन के रूप में जालौर और बाड़मेर में प्रवेश करेगा**

■ **17 जून के बाद यह सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर पड़ जायेगा**


## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सुनिता शर्मा से बदलकर अनीता शर्मा पत्नि राकेश शर्मा निवासी गोपाल जी के मन्दिर के पास, ग्राम हाथोज, जयपुर। भविष्य में मुझे अनिता शर्मा के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम Aaisha Mansurey से बदलकर Aaisha Mansoori पत्नि श्री मोहम्मद साद मंसूरी रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जावे। पताः- 25626, तकिया यकीन शाह, गोलनदाज चौकडी, तोपखाना हूजूरी, जयपुर, राजस्थान

मैं सुनीता कुमारी पत्नी सेना नं. 15179223X हवलदार (CLK SD) हनुमान सिंह गांव नांगल (मोहनपुर) पोस्ट-रसुलपुर, जिला- महेन्द्रगढ़, राज्य हरियाणा- 123027. मेरे पति के सेवा अभिलेख में मेरा नाम सुनीता देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सुनीता कुमारी है।

मैंने अपना नाम मनीषा से बदलकर मनीषा भाला पत्नी राजेश कुमार भाला रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीषा भाला के नाम से जाना जावे। पता- विद्याधर नगर जयपुर

मैंने अपना नाम राजेश से बदलकर राजेश कुमार भाला पुत्र श्रीमुकुट बिहारी भाला रख लिया है। भविष्य में मुझे राजेश कुमार भाला के नाम से जाना जावे। पता- विद्याधर नगर जयपुर

मैंने अपनी पुत्री का नाम कुहुक जैन से बदलकर प्रशिता जैन पुत्री आशीष जैन कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-38, ओलीव होम्स केसर नगर चौराहा, मानसरोवर, जयपुर, राज.

मैंने मेरा नाम प्रबोध कुमार प्रेमलाल सामरिया से बदलकर प्रबोध कुमार सामरिया रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी 23, फर्स्ट फ्लोर, गणपति कुन्ज, गोपालबाडी, अजमेर रोड, जयपुर

I Devki Devi W/o army no 14503171W Ex Hony NB SUB Govind Singh R/o B-15 Krishna Vihar Meenawala Sirsi Road Jaipur have changed my name from DEVKI DEVI ( DOB 1958) is wrong entered in service record To DEVKI DEVI BISHT (DOB 5/1/1958) vide affidavit dated 13 June 2023 before district notary Jaipur

I Jawahira Akhter Chesti W/o Murtaza Ahmad Chishti Flat No. 202 Jewel of india Jawaharlal Nehru Marg opp. Rajasthan Hospital Malviya Nagar Jaipur PIN 302017 have changed my Name from Jawahira Akhter Chesti to Jawahira Chishti and will be known by the latter name.

I, Sanjeev Kapur S/o Ravindra Singh Kapoor R/o S-16, Bhawani Singh Road, C-Scheme, Jaipur (Raj.) have changed my name to Sanjeev Singh Kapur for all future purposes.



## खोया पाया

प्लॉट 6 व 6ए आदर्श नगर का मूलपट्टा व अन्य ओरिजनल कागजात, जो इस प्लॉट से संबंधित है। 12.06.2023 को घर से फोटोकॉपी दुकान गोविंदमार्ग कही गिर गए। 9602999333

जेडीए द्वारा जारी पट्टा योजना - सिंगल एसएनजी सिटी जयपुर के भूखंड संख्या D/272 का JDA पट्टा, स्टांप, साईट प्लान, आवंटन पत्र एवम अन्य जेडीए द्वारा जारी दस्तावेज़ खो गए हे सूचित करे Falguni Mehra मो 9978936316

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 148/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री गोपाल प्रसाद शर्मा, निवासी वार्ड नं.14, ब्राह्मणों का मोहल्ला, चारणवास, काली पहाडी तहसील जमवारामगढ, जयपुर विभाग जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री गंगा चेरिटेबल ट्रस्ट, ग्राम चारणवास, कालीपहाडी वाया अचरोल, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 31.05.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 8.8.23

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

# 20 लाख रुपये की अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ा, दो गिरफ्तार

## मंडार के समीप गुंदरी चेक पोस्ट पर पाथावाडा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान की कार्रवाई



मंडार के निकट गुजरात बॉर्डर पर अवैध शराब सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।

**मंडार, (निसं)।** सिरोही जिले के मंडार बॉर्डर के समीप बुधवार को पाथावाड़ा पुलिस ने अवैध शराब की खेप पकड़ी। मंडार के समीप गुंदरी चेक पोस्ट पर पाथावाडा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

पाथावाडा पीएसआई डीआर पारगी ने बताया कि बनासकांठा जिला पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना के निर्देशानुसार अवैध शराब की रोकथाम के तहत गुंदरी चेकपोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अवैध शराब से भरा कंटेनर यहां से गुजरने वाला है। जिस पर नाकाबंदी कर उक्त कंटेनर को रुकवाकर चैक किया गया तो कंटेनर के अंदर अवैध शराब से भरी की कुल 600 कार्टन हरियाणा निर्मित शराब जब्त की गई। जिसकी बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई एवं वाहन की कीमत 15 लाख रुपए कुल मिलाकर 35 लाख रुपए का माल बरामद किया जाकर आरोपी शराब अनिल कुमार पुत्र सुजाना राम बिश्नोई निवासी वाडा भाडवी तहसील बागोडा जिला जालोर व रमेश कुमार पुत्र रत्नाराम बिश्नोई निवासी कुंका तहसील बागोडा जिला जालोर राजस्थान को गिरफ्तार किया। गुजरात पुलिस ने 1 महीने के अंदर यह छठी बड़ी कार्रवाई की है।

- **कंटेनर के अंदर अवैध शराब से भरी 600 कार्टन हरियाणा निर्मित शराब जब्त की**

गौरतलब है कि मंडार पुलिस की लगातार नाकेबंदी के दौरान ही शराब के कंटेनर गुजरात पुलिस के हाथ लग रहे हैं। मंडार थाना क्षेत्र से मात्र 2 किलोमीटर दूरी पर जाकर गुजरात पुलिस के हत्थे शराब की खेप लगना और मंडार पुलिस की नाकेबंदी पर भी सवालिया निशान खड़े कर रही है। गुजरात पुलिस की इस कार्रवाई में पाथावाडा थानाधिकारी डी आर पारगी, हैड कांस्टेबल प्रकाश कुमार अमृतलाल, खेगार भाई, जबराभाई, विक्रम सिंह, तेजस भाई शामिल रहे।

## अवैध शराब से भरी पीकअप जब्त, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरा पीकअप वाहन जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, पुलिस उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान खेरवाड़ा थानाधिकारी सबीर खान के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मंगलवार रात में हाइवे पर भाग्योदय होटल के सामने नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान पीकप वाहन को इशारा किया तो चालक गाडी को भगा ले गया। इस पर पिछा कर रोक कर चालक से पूछा तो उसने अपना नाम मुबारिक खान पुत्र ताज मोहम्मद पठान निवासी धोली मगरी व पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विकास कुमार पुत्र हेमराज निवासी रोबिया खेरवाड़ा हॉल हरिदासजी की मगरी अम्बामाता बताया। तलाशी ली तो पीकअप में लकडी के पट्टों में अंग्रेजी शराब से 81 कर्टन पाए गए। जिनकी बाजार कीमत करीब 5 लाख रूपये बताई जाती है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# जमीन पर पोल गाड़ने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, 16 घायल

## प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को टोंक से जयपुर रेफर किया



घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया।

**टोंक, (निसं)।** पीपलू थाना क्षेत्र के रानोली गांव में जमीन पर पोल गाड़ने को लेकर हुये खूनी संघर्ष में 16 लोग घायल हा गये जिसमें कई महिलाएं और पुरुष शामिल है।

थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि रानोली में जमीन को लेकर कोई विवाद चल रहा था। इसके चलते दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक पक्ष के देवलाल (39) पुत्र रणजीता, शिवराज (22) पुत्र ब्रदीलाल, मीरा (50) पत्नी धन्नालाल, तुलसा (35) पत्नी बाबूलाल, अनोख देवी (38) पत्नी देवालाल, शंकर (45) पुत्र छीतर, श्योजी (45) पुत्र घासीराम, नेमीचंद (27) पुत्र धन्नालाल, हीरालाल (40) पुत्र छीतरलाल घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के राजाराम (22) पुत्र जगदीश, रामेश्वर (30) पुत्र छोटूराम, गिरीराज (30) पुत्र देवालाल, अजय (21) पुत्र छोटूराम, जगदीश (50) पुत्र हजारी, वहीं रूकमा देवी (53) पुत्री हजारीलाल, बरदी (53) देवी पत्नी भौजाराम को टोंक सहादत हॉस्पिटल रेफर किया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बरदी देवी को टोंक से जयपुर रेफर किया गया। बाकी घायलों का हॉस्पिटल में उपचार जारी था। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्य अनुंधान जारी है। मौके पर वृताधिकारी इंदू लोदी सहित थाना अधिकारी ने मय जाप्ते के पहुंचकर स्थिति को संभाला।

# पूर्व डिप्टी सी.एम. सचिन पायलट का पाटन में स्वागत



पाटन में कार्यकर्ताओं को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने संबोधित किया।

**पाटन, (निसं)।** उदयपुरवाटी में स्थित मनसा माता की पहाड़ी में टेक्ट्रर-ट्रोली पलटने से गंभीर हादसा हो गया था जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

उन सभी मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाने जाते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट नीमकाथाना रोड पर स्थित तहसील कार्यालय के पास बने नवनिर्मित अंबेडकर छात्रावास में कार्यकर्ताओं से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा पायलट का भव्य स्वागत किया गया।

पायलट ने कहा कि मैं इस वक्त आपकी ही तरह एक साधारण व्यक्ति हूं, किन्तु आपकी समस्याओं का समाधान करवाना मेरी जिम्मेदारी है। पायलट ने कहा कि नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी द्वारा नीमकाथाना में जो विकासिय कार्य करवाए गए हैं वो सभी कार्य आप लोगों के सामने है,आज से पहले कभी इतने कार्य नहीं हुए हैं। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि सुरेश मोदी को एक बार फिर काम करने का मौका मिले। इसी साल चुनाव होने हैं आप सभी आज से ही इनके पक्ष में बात चीत करना शुरू कर दें, जिससे नीमकाथाना में फिर से कांग्रेस का विधायक आपका प्रतिनिधित्व कर सके।

आज मैं एक बैठक में उपस्थित होने जा रहा हूं इसलिए आज मैं कोई राजनीतिक बात नहीं करना चाहता। इस मौके पर पाटन ब्लाक अध्यक्ष माला राम वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांता प्रसाद शर्मा, राधेश्याम शर्मा माउंडा, दिलीप गोयल, दलपतपुरा सरपंच बलराम गुर्जर, रामसिंहपुरा सरपंच राम सिंह जागीदार, राजू खां, अलीम खां, सरपंच हवासिंह मेहरडा, सरपंच सागरमल यादव, सरपंच अनिल कुमार शर्मा, सरपंच बलवीर खेरवा, नरेश टेलर, वीरेंद्र स्वामी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया

**जोधपुर, (कासं)।** यात्री सुविधा समिति उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल पर दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को जोधपुर पहुंची। कैलाश लक्ष्मण वर्मा, श्रीमती विभाशवानी अवस्थी, अभिदास की सदस्य टीम ने जोधपुर मण्डल के ओसियां, रामदेवरा व पोकरण स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान समिति ने ओसियां, रामदेवरा व पोकरण रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ खानपान इकाईयों, वेटिंग रूम, बुकिंग सुविधा, पेयजल की उपलब्धता व गुणवत्ता, शौचालय की सुविधा इत्यादि का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टेशन पर प्रस्तावित विकास कार्यों आदि के बारे में भी रेल अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा इस संबंध में उनसे चर्चा भी की गई। समिति के सदस्यों द्वारा स्टेशनों पर यात्रियों से चर्चा करके उपलब्ध यात्री सुविधायों का फीडबैक भी लिया गया जिसमे यात्रियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑ.) मनोज जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) जे के भार्गव, सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## "बिपरजॉय" से अलर्ट रहने की नसीहत

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** बिपरजॉय तूफान की आज 15 जून को राजस्थान में एंट्री होगी। जैसलमेर में तूफान की दस्तक को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां कर दी है। कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल डिफेंस, आपदा प्रबंधन अपनी तैयारियों में जुट गया है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया



भाजपा नेता इंजी. ढूकिया के आवास पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा जितेंद्र मीणा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक सिंह शेखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा डॉ. सुमन कुलहरि गढ़वाल, जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, जिला संगठन प्रभारी केडी बाबर, विधायक सुभाष पूनियां, जिला मंत्री मंजू सैनी का न्यू राजस्थान पब्लिक शिक्षण संस्थान झुंझुनूं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के आवास पर अतिथियों को दूपट्टा, प्रतीक चिह्न एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राजेंद्र भांबू, महेंद्र चंदवा, कमलकांत शर्मा, डॉ. राजेश बाबल, संजय जांगिड़, रवि सैनी, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, देशराज राहड़, सुधीर चौमाल, विकास ईशरवाल, कुलदीप पूनियां, अशोक सिंह बड़ागांव, विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, प्रमोद जानूं, वीरपाल सिंह शेखावत, लालचंद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, नागरमल तेतरवाल, महावीर सिंह मील, सुधीर जांगिड़, संदीप शर्मा, भवानी सिंह शेखावत, रामचंद्र तेतरवाल, बीरबलसिंह सिलाईच, रतनसिंह शेखावत, रोहिताश सिंह कालेर, ताराचंद जाखड़, रामावतार लोयल, बाबूलाल सैनी, राजेश पूनियां, संजय परिहार, नरेंद्र टेलर, हिमांशु जांगिड़, सुमेर सिंह शेखावत, संजय चौपदार, प्रमोद बूडानिया, अनिल मील एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रक-डंपर में भिड़ंत, एक मजदूर की मौत, 17 घायल

- **ट्रक में सवार सभी श्रमिक उत्तरप्रदेश के रहने वाले थे**
- **ट्रक में फंसे 40 से मजदूरों को निकाला**

**बीकानेर, (निसं)।** श्रीडूंगरगढ़ में ट्रक और डंपर के बीच जोरदार भिडंत में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि नौ गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

घायलों में मजदूरों के बच्चे भी शामिल हैं। घायलों में रविंदर, सूरजपाल, रामश्री, अनीता, देहपाल, कांति, ओमवती, पूनम, मनीष, प्रिंस कुमार, गायत्री, हरिशंकर सिनम भर्ती है। श्रीडूंगरगढ़ में बीकानेर-जयपुर नेशनल हाइवे पर कितासर के पास ये हादसा हुआ। यहां टैगोर स्कूल के सामने रात 2.30 बजे ट्रक और डंपर में टक्कर हुई। ट्रक में बड़ी संख्या में मजदूर थे जो एक से दूसरी जगह काम के लिए जा रहे थे। दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गयी व 9 गंभीर घायल हो गए। घायलों को बीकानेर रेफर कर दिया गया। शेष चोटिल का इलाज श्रीडूंगरगढ़ में मेडिकल टीम ने किया।

ट्रक में सवार सभी श्रमिक उत्तरप्रदेश के रहने वाले थे। मृतक व घायलों में सभी ट्रक सवार भी यूपी निवासी है। ये ट्रक खाजूवाला से यूपी की ओर जा रहा था जिसमें 40 से अधिक मजदूर सवार थे।

इस ट्रक ने अपने आगे चल रहे बड़े डंपर ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज था कि ट्रक में फंसे करीब 40 से मजदूरों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाने में सेवादारों को डेढ़ से दो घंटे लगे। गरीब सेवा संस्थान व आपणो गांव सेवा समिति व हाइवे टोल एम्बूलेंस मौके पर पहुंची व सभी सेवादारों ने घायलों को निकाल कर राजकीय अस्पताल पहुंचाया। ड्यूटी ऑफिसर हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह मौके पर पहुंचे व यातायात सुचारू करवाया। सिंह ने बताया कि ट्रक के केबिन में बैठे तीन मजदूरों में एक की मौत हो गई है। केबिन में ही बैठे दो अन्य भी गंभीर घायल है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 8.80 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख अस्सी हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित लालगढ़ जाटान इलााके के गांव ओढांवाली ढाणी का रहने वाला है। आरोपी गांव खाटसजवार का निवासी है। आरोपी ने पिछले साल अगस्त में पीड़ित को सेना में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और इसकी एवज में रुपए की मांग की। इस पर पीड़ित उसकी बातों में आ गया और आरोपी के खाते में कई किस्तों में आठ लाख अस्सी हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रुपए जमा करवाने के करीब दस माह का समय बीत जाने पर भी जब पीड़ित को नौकरी नहीं मिली तो उसने आरोपी के खिलाफ साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया।

साइबर थाने से मिली जानकारी अनुसार ओढ़ांवाली ढाणी के साहबजिंद्र पुत्र जगतार सिंह ने बताया कि पिछले साल अगस्त में वह खाटसजवार निवासी मनोहरलाल पुत्र कृष्णलाल के संपर्क में आया। मनोहरलाल ने उसे बताया कि वह सेना में अफसर है। पास के गांव का रहने वाला होने के कारण साहबजिंद्र को उसकी बातों पर विश्वास हो गया।

# जोधपुर के न्यायालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग

## अधिवक्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर किया आक्रोशित प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में स्थित न्यायिक परिसर में वकीलों को न्यायिक कार्य के लिए स्थान उपलब्ध नहीं हो पाने से नव-पंजिकृत अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी तरफ पूरा कचहरी परिसर गैर-न्यायिक कार्य करने वालों द्वारा किए गए अवैध कब्जों की जद में हैं। हेरिटेज परिसर को मुक्त करवाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के आव्हान पर अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई, जिसमें अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए आंदोलन तेज करने पर सहमति दी। बैठक में एडवोकेट शिवलाल बरवड़ ने कहा कि न्यायालय परिसर में गैर न्यायिक गतिविधियाँ करने वाले अनाधिकृत लोगों के क़ब्जे हटाकर नौजवान अधिवक्ताओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक के बाद आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर को फिर ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट अंकुश राठौड़ ने बताया कि न्यायालय परिसर में गैर न्यायिक गतिविधियां करने वाले लोगों द्वारा जगह-जगह अतिक्रमण किया हुआ है। जबकि नौजवान अधिवक्ताओं के पास न्यायिक कार्य करने के लिए बैठने की जगह नहीं है। जिला सतर्कता समिति के पास अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर परिवाद किया गया था लेकिन ज़िला प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने से अधिवक्ता समुदाय में रोष हैं।

- **नव-पंजिकृत अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

विरोध-प्रदर्शन के बाद सभी अधिवक्ता राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचे और एसोसिएशन के महासचिव गिरधारी सिंह भाटी और उपाध्यक्ष गोगुलेश बोहरा को भी इस मुद्दे पर गंभीरता से कदम उठाने की मांग की।

प्रदर्शन में एडवोकेट पी.आर. मेघवाल, एडवोकेट मोहनलाल जाखड़, एडवोकेट लक्ष्मी नारायण माथुर "मित्र", एडवोकेट लालचंद पंवार, एडवोकेट गौतम गोदारा, एडवोकेट गणपत इंदलिया, एडवोकेट निर्मल कुमार, एडवोकेट अजयराज प्रजापत, एडवोकेट डी.आर. मेहरा, एडवोकेट तरूणा राठौड़, एडवोकेट हिमानी पंवार, एडवोकेट चांद कंवर भाटी, एडवोकेट नरेश सोलंकी, एडवोकेट देवेंद्र कुमार, आशा मीणा, एडवोकेट राहुल सोलंकी, एडवोकेट किशन मेघवाल, एडवोकेट प्रदीप जैन, एडवोकेट कविता चौहान, एडवोकेट महबूब खान, एडवोकेट कीर्ति सोनी, एडवोकेट जसवंत सागर, एडवोकेट देवेन्द्र सरगरा, एडवोकेट तरुणा राठौङ, एडवोकेट मनीष मेघवाल, एडवोकेट राकेश लाखोटिया, एडवोकेट रूद्रप्रकाश मेघवाल, एडवोकेट कैलाश सरगरा, एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह, एडवोकेट सुरजीत, एडवोकेट तुषार मोज़ा, एडवोकेट जसवंत सागर, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, एडवोकेट महिपाल सिंह चारण समेत अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**बीकानेर, (निसं)।** खाजूवाला में देर रात्रि राजीव सर्किल चौराहा के नजदीक रावला रोड पर गायत्री मंदिर के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें कुल 4 जने गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यदर्शियों के अनुसार खाजूवाला में दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक्स पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों युवक के गंभीर चोटें आई। सूचना मिलने के बाद खाजूवाला पुलिस थाने से एएसआई ग्यारसीलाल मीणा व हैड कांस्टेबल भँवरू खान मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायलों को खाजूवाला सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से 4 युवकों को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रैफर कर दिया।

एएसआई ग्यारसीलाल मीणा ने बताया कि बाईक सवार यूनुस खान पुत्र हुसैन खान उम्र 40 वर्ष निवासी 7 केएलडी कुंडल पीएस खाजूवाला, करन पुत्र अनुपाराम लुहार उम्र 18 वर्ष, शमीम पुत्र मोहम्मद मुश्ताक उम्र 19 वर्ष व सूर्यप्रकाश पुत्र सहीराम लुहार तीनों निवासी वार्ड नंबर 18 खाजूवाला गंभीर रूप से घायल हो गए। खाजूवाला पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को थाना परिसर में खड़ा करवाया हैं।

# फर्जी अभ्यर्थी बिठाकर प्रतियोगी परीक्षा दिलवाने वाले 3 गिरफ्तार

## डमी परीक्षार्थी को 20 हजार रु. एडवांस और चयन होने पर 2 लाख रुपये देते थे आरोपी

-कार्यालय संवाददाता-



पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने कानोता में एम.टी.एस. परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बैठाने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ मुख्य सरगना नटवर मीणा और कृष्ण मोहन मीणा ने पिछले 2 वर्षों में करीब 50 अभ्यर्थियों की जगह फर्जी अभ्यर्थियों से प्रतियोगी परीक्षाएं दिलवाई

**जयपुर**। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कानोता इलाके में प्रतियोगी एमटीएस परीक्षा में बैठाने वाले फर्जी अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से प्रतियोगिता परीक्षा में प्रयोग में लेने वाले फर्जी दस्तावेजों व मोबाइल को जब्त किया है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित एसएससी द्वारा आयोजित एमटीएस परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बिठाकर प्रतियोगी परीक्षा दिलवाते थे। फिलहाल आरोपियों से इस गिरोह के अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि जयपुर शहर में प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले फर्जी अभ्यर्थियों द्वारा फर्जी आईडी,कॉल लेटर बनाकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सीएसटी ने कानोता थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एसएससी द्वारा आयोजित एमटीएस परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बिठाकर प्रतियोगी परीक्षा दिलवाने आरोपित हर्ष कुमार जोशी (30) निवासी बनवसा जिला चम्पावत (उत्तराखण्ड) हाल गोमती नगर जिला लखनऊ (उत्तर प्रदेश),हंसराज उर्फ जग्गू (38) निवासी सपोटरा जिला करौली और हेमराज मीणा (24) निवासी रामगढ़ पचवारा जिला दौसा को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतियोगिता परीक्षा में प्रयोग में लेने वाले फर्जी दस्तावेजों व मोबाइल को जब्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपित हर्ष कुमार जोशी से पूछताछ में सामने आया कि वह हेमराज मीणा की जगह एमटीएस की परीक्षा देने आया था व अपने मोबाइल में व्हाट्सएप पर हेमराज नाम के सम्पर्क नम्बर में परीक्षा का कॉललेटर दिखाया। जिसको खोल कर देखा गया तो उम्मीदवार का नाम हेमराज मीना के कॉललेटर में परीक्षा का नाम, रोल नम्बर, स्कूल सेन्टर का नाम अंकित था। कॉल लेटर पर अपलोड फोटो का मिलान हर्ष कुमार के चेहरे से नहीं हुआ।

आरोपी हर्ष कुमार नटवर मीणा निवासी सपोटरा जिला करौली तथा कृष्ण मोहन मीणा निवासी टोडाभीम जिला करौली के कहने पर दूसरों की जगह फर्जी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देता है। जिसके बदले में उसे परीक्षा देते समय 20 हजार रूपये एडवांस एवं परीक्षा में चयन होने पर 2 लाख रुपये देते है।

आरोपित किसके स्थान पर परीक्षा में बैठना है, उनके नाम पते हंसराज मीणा उपलब्ध कराता है। आरोपित हर्ष कुमार मंगलवार आयोजित परीक्षा में विकास मीना की जगह आनंद कॉलेज कानोता में परीक्षा दी थी। उक्त विकास मीना के कॉल लेटर उसे मनराज मीणा निवासी टोडाभीम जिला करौली ने उपलब्ध करवाया था। कॉल लेटर,आईडी कार्ड में फोटो एडिटिंग का काम नटवर मीना निवासी जीरौता करौली करता है। वहीं गिरफ्तार आरोपित हंसराज उर्फ जग्गू से पूछताछ में सामने आया कि वह नटवर मीना एवं कृष्ण मोहन जिस परीक्षार्थी की परीक्षा दिलवानी है उसका कॉल लेटर उसे व्हाट्सएप पर भेजते है। जिस पर वह कॉल लेटर प्रिंट निकाल कर हर्ष कुमार को दे देता है।

जिस पर वह हर्ष कुमार के साथ परीक्षा केन्द्र पर जाता है तथा परीक्षा पूरी होने तक वही आस पास मौजूद रहता है। वहीं गिरफ्तार आरोपित हेमराज उसकी एसएससी एमटीएस की परीक्षा थी। उसके स्थान पर हर्ष जोशी ने आनंद कॉलेज में परीक्षा दी है। नटवर मीना व कृष्ण मोहन मीना एमटीएस में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये लेते है। उसकी नौकरी के लिए भी नटवर मीना तथा कृष्ण मोहन मीना से 10 लाख रुपये में अंतिम चयन की बात हुई थी। नटवर मीना व कृष्ण मोहन मीना ने उसको अपना कॉल लेटर हर्ष कुमार को भेजने को कहा व उसकी जान पहचान करवाई।

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मुख्य सरगना नटवर मीणा एवं कृष्ण मोहन मीणा के माध्यम से पिछले 2 वर्षों में लगभग 50 अभ्यर्थियों की जगह फर्जी अभ्यर्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षा दिलवा चुका है। आरोपियों के पास आगामी होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के भी फर्जी दस्तावेज उपलब्ध है। गिरफ्तार आरोपियों इस वारदात में शरीक अन्य आरोपियों के सम्बन्ध में पूछता जारी है जिनसे और भी वारदात का खुलासा होने की संभावना है।

# जयपुर में 16 से 18 जून तक 'वुड आर्ट मास्क' की प्रदर्शनी



**जयपुर** (कासं)। इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इंटीरियर डिजाइनर्स (ट्रिपल आई.आई.डी.) जयपुर चैप्टर द्वारा इंडिया इंटरनेशनल डिजाइन कांक्लेव 2023 का आयोजन 16,17 और 18 जून को जयपुर के राजस्थान इंटरनेवाल सेंटर, झालाना इंडस्ट्रीयल एरिया में किया जा रहा है।

इस 3 दिवसीय कॉन्क्लेव में देशभर से आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन से जुड़े विशेषज्ञ कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही इंटीरियर डिजाइन से जुड़े कला के सभी आयामों के क्रिएटिवों की प्रदर्शनी भी होगी। इस मौके पर वॉइस ऑफ ड्यून्स के नाम से देशभर के 30 से अधिक जाने-माने कलाकारों द्वारा अपने कला की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी. जो कि जयपुर के कला प्रेमियों के लिए एक अनूठा मौका होगा जिसमें इन ख्यातनाम कलाकारों के सृजनात्मकता को जानने समझने का मौका मिलेगा। वॉइस ऑफ ड्यून्स के फाउंडर सत्यजीत तालुकदार के अनुसार इस मौके पर जयपुर में देशभर से जानेमाने कलाकारों को ग्रुप शो जिनमे पद्मभूषण ऍम ऍफ़ हुसैन, पदम्श्री राम कुमार, पदम्श्री थोटा वैकुंठम, पदम्भूषण जोगेन चौधरी के ओरिजनल डिजिटल प्रिंट व् पदम्श्री जोधिया बाई के वुड आर्ट मास्क के साथ ही देश के ख्यातनाम कलाकार धर्मेंद्र राठौर, लक्ष्मण लेए, बिनोय वर्गिश, हेमराज, चंद्र भटाचार्य, अर्पणा कौर, रंजीत सिंह, भवानी शंकर शर्मा, के आर संताना, प्रतुल दास, पूर्णा बेहड़ा, विजय एम धोरे. दिलीप शर्मा, अमित कल्ला, सत्यजीत तालुकदार, सोहन जाखड़, हाड़ा बीएस, संगीता सिंह, प्रदीप शर्मा, सुनील चेजारा स्कल्पचर के कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस आर्ट एग्जीबिशन को इस मुकाम तक पहुंचाने में आप सा आर्ट दिल्ली और पिंक सिटी इंटरनेशनल आर्ट कल्चर लिटरेचर एंड हेरिटेज से जुडे सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## शादी का झांसा देकर देहशोषण

**जयपुर**। आमेर इलाके में शादी करने का झांसा देकर एक युवती से कई सालो तक देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी 32 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि इजहार हुसैन शादी करने का झांसा देकर कई साल से देहशोषण कर रहा है। आरोपित ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बना ली। जिसके आधार पर अब ब्लैकमेल कर रहा है। वहीं इस काम में इजहार की मां गुड़िया ने भी उसका साथ दिया है।

## सार-समाचार

### स्केटिंग में हनी सिंह ने स्वर्ण पदक जीता



**जयपुर** (कासं)। 7वें इंडो-नेपाल इंटरनेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में हनी सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। यह आयोजन 2-3 जून को रहोडोडेंडरॉन इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल (रिब्स स्कूल) चंद्रगिरी म्युनिसिपैलिटी, काठमांडू नेपाल में हुआ था। नेपाल रोल बॉल एसोसिएशन और डांस स्पोर्ट्स ऑफ नेपाल एंड नेपाल रोलर बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से यह टूर्नामेंट आयोजित हुआ था, इसमें स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप व रोलर बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई थी। फ्लाइंग बर्ड्स स्केटिंग क्लब टीम इंडिया के मुख्य कोच मुकेश कुमार चौधरी के अनुसार हाल ही काठमांडू नेपाल में आयोजित 300 मीटर स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप 8 में गुलाबी नगर के स्केटर्स मुकुल चौपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-10 में रीतांशु कुमावत ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 12 गर्ल्स कैटेगरी में हनी सिंह ने स्वर्ण पदक जीता और रोलर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में मुकुल चौपड़ा, रीतांशु कुमावत स्वर्ण पदक विजेता रहे। देवेंद्रपाल सिंह भट्टी, अक्षनील टाक बॉयज कैटेगरी में रजत पदक जीता व गर्ल्स कैटेगरी में हनी सिंह ने भी रजत पदक जीता। मुख्य कोच मुकेश कुमार चौधरी ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने जयपुर में आयोजित अनेक प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें कई पदक जीते है।

### युवती पर तेजाब फेंकने की धमकी दी

**जयपुर**। गांधी थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ तेजाब फैंकने की धमकी देने का मामला दर्ज किया हैं। युवती के शादी से इनकार करने पर युवक के द्वारा युवती को यह धमकी दी गई। आरोपी युवक के खिलाफ पूर्व में भी फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला रामगंज थाने में दर्ज हुआ हैं। पुलिस ने बताया कि रामगंज निवासी छात्रा सुबोध कॉलेज में पढ़ती है। वह गत 26 जून को कॉलेज में परीक्षा देने के बाद शाम 6 बजे अपनी एक्टिवा से घर लौट रही थी। तभी नाहरी का नाका निवासी फैजान व उसके तीन साथी बाइक पर आए और कॉलेज से छात्रा का पीछा करना शुरू किया। उन्होंने तख्तेशाही मार्ग पर युवती को रोक लिया। फैजान कहने लगा कि तू अपने बाप से कह कि तेरी शादी मुझ से करा दे। उसने अपने हाथ में तेजाब की बोतल दिखाकर धमकी दी कि तू व तेरा बाप शादी के लिए नहीं माने तो तेरे ऊपर तेजाब फैंक दूंगा। छात्रा के जोर से चिल्लाने पर राह चलते लोग एकत्रित हो गए। लोगों को देख कर फैजान व उसके साथी बाइक से भाग गए। इससे पहले भी आरोपी फैजान के खिलाफ छात्रा ने रामगंज थाने में फर्जी आईडी बनाकर बदनाम करने और ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज करवाया था। युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### 228वां पाटोत्सव 16 जून को होगा

**जयपुर** (कासं)। सीकर जिले के रायपुरा जागीर स्थित श्री सीतारामजी के मंदिर में 228वां पाटोत्सव 16 जून को आयोजित होगा। आयोजक मिश्र परिवार ने बताया कि जयपुर स्थित चौमूं पुलिया से सुबह साढ़े 7 बजे से रायपुर जागीर के लिए बस रवाना होगी। मंदिर में होने वाले इस आयोजन में संत रामरिछपालदास महाराज का सानिध्य रहेगा। सुबह 7 बजे गणपति व अन्य देवों का पूजन, 8 बजे सत्संग मंडल द्वारा भजन-कीर्तन, 9 बजे संत स्वागत किया जायेगा। इसके बाद प्रातः 11 बजे भगवान सीतारामजी का पंचामृत से अभिषेक, श्रृंगार व भोग लगाया जायेगा, तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ होगा। दोपहर 3 बजे प्रसादी वितरण काम होगा।

### दो खाद्य सुरक्षा अधिकारी निलम्बित

**जयपुर**। राजकार्य में लापरवाही बरतने की विभागीय जाँच प्रस्तावित होने पर जोधपुर के दो अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी निलंबित कर दिए है। इस संबंध में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिवप्रसाद नकाते ने जारी किए है। आदेशानुसार विनोद कुमार शर्मा, अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी जोधपुर (मूल पद कनिष्ठ सहायक) एवं रजनीश शर्मा, अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी जोधपुर (मूल पद लैब टेक्नीशियन) द्वारा राजकार्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरते जाने के मामले में विभागीय जाँच प्रस्तावित होने के कारण से उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस दौरान इन कार्मिकों का मुख्यालय आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण रहेगा।

### युवक को लूटने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर**। प्रताप नगर पुलिस ने युवक से लूट करने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल-पर्स सहित वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। जांच-अधिकारी हेड कांस्टेबल दुब्बे राम ने बताया आरोपित अनिल नायक (19) निवासी गांव डडवाडा थाना इटावा जिला कोटा और मुनेश बघेल (22) निवासी गांव शहजादपुर जिला मथुरा यूपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोवर्धन नगर, मालपुरा गेट किराए से कमरा लेकर रहते हैं। आरोपियों ने 9 जून को महात्मा गांधी अस्पताल जा रहे परिवादी को लिफ्ट के बहाने बाइक पर बिठाया और सुनसान जगह पर मारपीट कर मोबाइल-पर्स लूट ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया।

### विवाहिता से दुष्कर्म किया

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 35 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि ससुर के दोस्त रूड़मल यादव का घर पर आना जाना है। आरोप है रूड़मल कई दिनों से विवाहिता को परेशान कर रहा था। 9 जून की दोपहर पीड़िता का पति बच्चे को छोड़ने गया हुआ था। ससुर शराब पीकर सो रहा था। इस दौरान रूड़मल घर पर आया और कमरे में अकेली पीड़िता का मुंह दबा दिया। इसके बाद बैड पर ले जाकर दुष्कर्म किया।

### महायज्ञ के लिए गणेश जी को निमंत्रण

**जयपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ वाटिका की ओर से रविवार 18 जून को सांगानेर के अचरावाला स्थित श्री राम धाम मंदिर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को प्रथम पूज्य गणपति को निमंत्रित किया गया। इस अवसर पर आयोजन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विवेक शर्मा, गणेश नारायण शर्मा, मदन लाल शर्मा, राकेश शर्मा, रमेश प्रधान गोलू चेला, मनोज पारीक, बजरंग सिहाग मौजूद थे।

# महापौर ने किया गैराज भवन का लोकार्पण



महापौर डॉ. सौम्या ने मानसरोवर में निगम गैराज का उद्घाटन किया।

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम के मानसरोवर स्थित नवनिर्मित गैराज भवन कार्यालय का लोकार्पण बुधवार को महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व आयुक्त महेन्द्र सोनी ने किया। इस अवसर पर मेयर सौम्या गुर्जर ने कहा की जल्द ही स्वच्छता की ओर एक कदम आगे बढाते हुए ई-हूपर का भी शुभारम्भ किया जायेगा, जिससे स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा। महापौर ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा मानसरोवर जोन से ओपन कचरा डिपो मुक्त करने की शुरूआत की गई। इसके अतिरिक्त वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया, जहां महापौर सौम्या गुर्जर ने अशोक का वृक्ष लगाया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार, उपायुक्त मानसरोवर मुकेश कुमार, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा, गैराज समिति के चेयरमैन विनोद चौधरी व समिति चेयरमैन रमेश सैनी व पारस जैन, पार्षछ रामवतार गुप्ता व अक्षत खूंटेटा मौजूद थे।

## कार्यकारी सदस्य बने पवन शर्मा



**जयपुर**। अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की 11 जून को जिरकपुर, पंजाब में विशेष सभा में चार वर्ष (2023 से 2027 तक) के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें राजस्थान के विद्युत निगमों से पवन शर्मा को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। देश के सभी विद्युत निगमों एवं विभागों के मध्य राष्ट्रीय स्तर पर खेल गतिविधियां इस कार्यकारिणी द्वारा ही आयोजित करवाई जाती है,सभा में वर्ष 2023-24 हेतु खेलों का आयोजन करने के लिए वार्षिक कलैण्डर भी जारी किया गया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम में सहायक निदेषक जनसम्पर्क के पद पर कार्यरत पवन शर्मा गत 26 वर्षों से खेलों से निरन्तर जुडे हुए है। उन्होंने बॉक्सिंग में अनेक राष्ट्रीय, अन्तर विश्वविद्यालय एवं अन्तर पुलिस प्रतियोगिताओं में लगातार 10 वर्षों तक भाग लिया है तत्पश्चात वर्ष 2010 से लगातार राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इण्डिया के रैफरी-निर्णायक है। राजस्थान विद्युत निगमों का प्रतिनिधित्व करते हुए पवन शर्मा ने लॉन टेनिस टीम के कप्तान के तौर पर अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस प्रतियोगिताओ में भी भाग लिया।

# बजरी माफिया ने किया वन विभाग की टीम पर पथराव

## ढूंढ नदी में मिट्टी का अवैध खनन कर रहे थे आरोपी

■ सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी अपने ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गए, जिन्हें वन विभाग ने जब्त कर लिया

■ घटना के कुछ देर बाद लौटे बदमाशों ने पथराव कर वन्य टीम को घायल किया और अपने ट्रैक्टर छुड़ाकर फरार हो गए

**जयपुर** (कासं)। कानोता इलाके की ढूंढ नदी में बजरी माफिया के द्वारा वन विभाग की टीम पर पथराव करने का मामला सामने आया है। इस पथराव में विभाग के 6 गार्ड घायल हो गए हैं। रैंजर पृथ्वीराज मीणा की ओर से थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

रैंजर पृथ्वीराज मीणा ने बताया कि 10 जून को सुबह साढ़े 9 बजे बस्सी के पास बाल्यावाला में सूचना मिली कि कुछ लोग नदी में अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही रैंज टास्क फोर्स को मौके पर कार्रवाई करने के लिए रवाना किया गया। जैसे ही वन विभाग की टीम वहां पहुंची तो बजरी माफिया मौके से भाग निकले, लेकिन जल्दबाजी में बदमाश अपने ट्रैक्टर वहीं छोड़ गए। विभाग की टीम ने उनके दो ट्रैक्टर जब्त कर लिए। लेकिन, तीसरे ट्रैक्टर को जब्त करने के दौरान लक्ष्मी नारायण मीणा पुत्र पोखर मल अपने आदमियों के साथ वन विभाग के कर्मचारियों पर पथराव करने लगा। आरोपियों ने वन विभाग के अधिकारियों की जान लेने के मकसद से पथराव किया। पथराव होने से वन विभाग की टीम में आए कई कर्मचारी घायल हो गए, जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। पथराव के कारण वन विभाग के आधा दर्जन कर्मचारियों को चोटें आई हैं। इसका फायदा उठाकर बजरी माफिया लक्ष्मी नारायण मीणा अपने ट्रैक्टर सहित जब्त अन्य ट्रैक्टरों को भी मौके से छुड़ा कर ले गया। कानोता थाने में इस संबंध में शिकायत दी गई है।

उधर कानोता पुलिस ने रैंजर की शिकायत पर थाने में लक्ष्मी नारायण मीणा सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बदमाशों को पकड़ने के लिए इनके घरों पर दबिश दी जा रही है। पथराव के बाद ये लोग गांव से बाहर चले गए हैं। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर वन विभाग की ओर से जब्त ट्रैक्टरों को भी रिकवर किया जाएगा।

# कब्रिस्तान में तोड़फोड़ करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने खोराबीसल स्थित कब्रिस्तान में तोड़फोड़ कर आग लगाने वाले दो असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त वंदिता राणा ने बताया कि 9 जून को करधनी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खोराबीसल स्थित कब्रिस्तान में कुछ असामाजिक तत्व तोड़फोड़ कर आग लगा रहे है। इस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। इस संबंध में करधनी निवासी मुनीर खान से शिकायत दी। उसने बताया कि कब्रिस्तान में एक कमरा बना हुआ है, 9 जून की सुबह मैंने देखा कि किसी असामाजिक तत्व ने कब्रिस्तान की दीवार तोड़ दी और कमरे में रखे सामान में आग लगा दी। पुलिस ने पूरे इलाके में छानबीन शुरू कर आरोपी विपिन कुमार निवासी गौतम नगर और सुरेन्द्र वर्मा निवासी नारायण विहार को गिरफ्तार कर लिया।

## मेट मजदूरी 255 रुपए प्रति दिवस

**जयपुर**। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में कार्यरत मेटों को अब प्रति दिवस 255 रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मजदूरी बढ़ाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# मंत्रालयिक कर्मियों ने आपात बैठक में अनशन जारी रखने का फैसला लिया

**जयपुर**। मंत्रालयिक एकता मंच के जिला संयोजक, विभागीय समिति अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की जयपुर में बुधवार को शहीद स्मारक पर आयोजित आपात बैठक में सर्वसम्मति से क्रमिक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया गया।

राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह धायल, सुरेश धाभाई एवं देवेंद्र सिंह नरूका ने संयुक्त बयान जारी कर बैठक में लिए एक निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एकता मंच के मांग पत्र पर सरकार से वार्ता होने तक क्रमिक अनशन जारी रखा जाएगा। समस्त वक्ताओं ने आशंका व्यक्त की, कि एक संगठन द्वारा 12 जून को आर्थिक मांगों पर कमेटी गठित किए जाने का सरकार से समझौता कर अन्य सभी संगठनों के रास्ते बंद कर दिए हैं, क्योंकि कमेटी गठित होने की सहमति के उपरांत सरकार अब वित्तीय मांगों पर सीधे निर्णय लेने से बच जाएगी।

उधर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से शहीद स्मारक पर 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में जारी क्रमिक अनशन बुधवार को 91 वें दिन जारी रहा। आज राज्य बीमा एवं प्रावधाई निधि विभाग के संदीप माथुर के नेतृत्व में छोटे लाल मीणा, हम्मीद, रविंद्र, अभिषेक जैन एवं रवि शर्मा 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे।

# ई.एस.आई. हॉस्पिटल में रक्तदान



**जयपुर** (कासं)। अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान अमृत महोत्सव के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सकों व स्टाफ सहित बड़ी संख्या में आमजन ने भी रक्तदान में बढ़-चढकर हिस्सा लिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल ने सभी को रक्तदान का महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उपाधीक्षक डॉ. आर.पी.मीणा ने स्वयं समय-समय पर रक्तदान कर अपने सहयोगियों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया। नोडल ऑफिसर डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि इस दौरान पोस्टर एवम स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटिका, एजुकेशनल टॉक के साथ साथ रक्तदान व जीवन सुरक्षा के सतत प्रयास जारी रखने की शपथ भी दिलाई गई।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरुस्कार भी वितरित किये गए। साथ ही ब्लड डोनेट करने वालों को सर्टिफिकेट भी बांटे गए।

## ज्योति नगर थाने का रिश्वतखोर कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर**। एसीबी की टीम ने ज्योति नगर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल के आवास और अन्य ठिकानों पर एसीबी के अधिकारी सर्च कर रहे हैं। एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- पीड़ित ने एसीबी मुख्यालय में शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ दर्ज परिवाद में उसका नाम निकालने और कोई कार्रवाई नहीं करने की एवज में कॉन्स्टेबल सूबे सिंह उससे पैसा मांग रहा हैं। रिश्वत की राशि के लिए आरोपी कॉन्स्टेबल बार-बार उसे फोन कर के परेशान कर रहा हैं। इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी डॉ. रवि के सुपर वीजन में एसीबी जयपुर नगर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन होने के बाद आज डिप्टी अभिषेक पारीक की टीम ने सूबे सिंह पुत्र फगनीराम जाटव निवासी ग्राम पोस्ट मुडियासाद, तहसील वैर, पुलिस थाना हलैना, जिला भरतपुर को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

# करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाला बदमाश पकड़ा

■ वीर हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की

कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत सत्कार किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर 2023 में भारतीय जनता पार्टी को राजस्थान में विजयी बनाने एवं कांठोस की भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार को उखाड कर फेंकने का युवाओं से आ ान किया एवं जिस प्रकार कांठोस सरकार मैं लगातार हो रहे पेपर लीक लाचार कानून व्यवस्था राजस्थान में लगातार अराजकता का माहौल है हमें ऐसी भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार को 2023 के चुनाव में उखाड कर फेंकना है। इस दौरान युवा नेता शंकर गोरा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि हम सब मिलकर 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए जी जान से मेहनत करेंगे और राजस्थान में फिर से कमल खिलाएंगे। इस दौरानसीताराम बागड़ा, ओम पारीक, सुरेश गोदारा, तेजपाल गोरा, सूरज बिंवाल, अमित कुमावत, मुरारी शर्मा, तेजपाल बराला, अंकित गुर्जर, हंसराज शर्मा, युवराज कुमावत, अजय शर्मा, अनिल दंगायच, नानू सैनी, हेमराज शर्मा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का चौमू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया।

## दिनेश ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**लालसोट ।** ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर दिनेश संवासा व उपाध्यक्ष अध्यक्ष लालराम सरपंच लाखनपुर उपाध्यक्ष विमल गोठवाल, उपाध्यक्ष अंकित कटारा रामगढ़ पचवारा उपाध्यक्ष नरसी लाल बैरवा रनवा उपाध्यक्ष रामभजन आभानेरी आदि सभी ईआरसीपी की चुनी हुई नवनियुक्त पदाधिकारियों का सर्वश्रेष्ठ लाईब्रेरी पर माला पहनाकर स्वागत किया ।

आगे की कार्यकारिणी का विस्तार व ईआरसीपी के आगे की रणनीति क्या करना है उस पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कमलेश लोटण रामावतार जोरवाल, कालूराम राम प्रहलाद जितेश लखन व अन्य उपस्थित रहें। राज्य सरकार हमारे क्षेत्र के छुटे हुऐं डेम जोडें और केन्द्र सरकार पचास प्रतिशत डिपेंडिबीलीटि पर इसको नेशनल प्रोजेक्ट बनायें ताकि हमे जल्द पेयजल सिंचाई व उद्योग के लिए पानी मिल सकें, जमीन का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है।

पूर्वी राजस्थान की जनता इस बार ईआरसीपी पर ही वोक करेगी, दोनों सरकार अपना अपना काम करें, नही इसके लिए और भी कठीन से कठीन कदम उठाना पडेगा वो भी उठायेंगे।

## सार-समाचार

### 41 दिन की कठोर अग्नि तपस्या

**चाकसू (निस) ।** चिलचिलाती गर्मी में जहां में आप घर से बाहर निकलने के लिए भी सोच नहीं सकते और अगर आप घर से बाहर निकलने के लिए सोचेंगे तो आपको गंभीर समस्याओं का सामना भी करना पड़ेगा, क्योंकि भीषण गर्मी में डॉक्टर भी बताते हैं कि 12 से 4 के बीच घर के बाहर गर्मी का बचाव करते हुए निकले वरना इसके आपको दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं वहीं कस्बे में मनोहरा तालाब स्थित तेजाजी महाराज के पागल महाराज आश्रम में श्री श्री 10 चितेश्वर नन्द नागा महाराज उदासीन अखाड़ा द्वारा 11 मई, 2023 से 20 जून, 2023 अग्नि तपस्या की जा रही है ।

### बच्चे सिख रहे है एक्टिविटी

**निवाई ।** आचार्य शांति सागर पब्लिक स्कूल एवं सकल दिगंबर जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे ठाीष्मकालीन शिविर में बच्चे अनेक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। शिविर संचालिका पूजा सैनी ने बताया कि शांति सागर महाराज के शताब्दी आचार्य पद आरोहण के शुभ अवसर पर शिविर का संचालन किया जा रहा है। शिविर में 125 बच्चे भाग ले रहे हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लालासर पं. स. किशनगढ़ रेनवाल ( जयपुर )**

क्रमांक:- ग्रा.पं. लालासर/निविदा /2023/123 दिनांक-14.6.2023

**ऑन लाईन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लालासर, पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वितीय वर्ष 2023-24 मे निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छूक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तों के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 5.6.2023 से 15.6.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan,gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।

UBN ZJP2324GLOB00783

NIB-ZJP2324A0409

सरपंच ग्राम पंचायत लालासर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लालासर



**क्रार्यालय पंचायत समिति किशनगड़ रेनवाल, जयपुर ( राज )**

क्रमांक-पसकिरे/लेखा/टेन्डर/2023-24/1602-03 दिनांक 14.6.2023

**निविदा सूचना**

पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निम्न कार्यों हेतु इच्छुक व्यक्ति, फर्म/ संस्थानों से क्रम संख्या 01 से 02 के लिए निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत समिति कार्यालय में निविदा दिनांक 22.06.2023 को प्रात: 11.00 बजे तक बेची जाकर अपराह्न 02.00 बजे तक ऑफलाइन जमा करवाई जा सकेगी। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे पंचायत समिति में उपस्थित सदस्यों एवं निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट https://www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

UBNZJP2324GSLB800782 NIB ZJP232YA0408

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2%(रू) | निविदा फार्म शुल्क (रूपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन किराया | 3.00 | 6000 | 200 |
| 2 | चाय व नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था | 1.00 | 2000 | 200 |

प्रधान पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल — विकासअधिकारी पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल


# बीएलओ निलंबित आदेश रद्द करने की मांग

**निवाई ।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ब्लॉक निवाई ने तहसीलदार अजीत सिंह बुंदेला व नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्य पर नहीं लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में निलंबित किए गए बीएलओ शिक्षक का निलंबन रद्द करने की मांग भी की है। संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति प्रगतिशील के कार्यकारी जिलाध्यक्ष भवानी शंकर निराला ने बताया कि बीएलओ कार्य कर रहे शिक्षक जुलूस के रूप में एकत्रित होकर नारे लगाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों में नहीं लगाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा शिक्षकों को बीएलओ कार्य में लगाया जाता है। समय-समय पर बीएलओ कार्य नहीं करने के संबंध में शिक्षक संगठनों ने ज्ञापन भी प्रस्तुत किए हैं।

वर्तमान में शिक्षक साथी सोहनलाल शर्मा को बीएलओ का कार्य नहीं करने पर निलंबित किया गया है जिससे शिक्षक वर्ग में रोष व्याप्त है।

■ शिक्षक जुलूस के रूप में एकत्रित होकर नारे लगाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे

कई बार प्रशासन द्वारा शिक्षकों द्वारा बीएलओ का कार्य नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस भी दिया गया है। इसलिए सभी शिक्षकों ने बीएलओ कार्य का बहिष्कार किया है। उन्होंने ज्ञापन में चेतावनी भी दी है कि सरकार व शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लिया गया तो सभी शिक्षक कार्य का बहिष्कार करेगें। ज्ञापन के माध्यम से निलंबन आदेश को वापस लिए जाने एवं बीएलओ कार्य नहीं करवाने की मांग की गई है ।

उन्होंने बताया कि इस बाबत जिला कलेक्टर को पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया जा चुका है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हेमराज, हरिराम मीणा, रामप्रकाश, साजिद खान, महेश सिंह, वसीम, चेतन, नरपत व नवीन कुमार सहित अनेक शिक्षक बीएलओ मौजूद थे।

# निवाई के विधि कॉलेज में मूट कोर्ट का मंचन



निवाई के राजीव गांधी विधि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने मूट कोर्ट का आयोजन किया।

**निवाई।** राजीव गांधी विधि महाविद्यालय में सोमवार को विधि स्नातक व द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने मूट कोर्ट का मंचन किया गया प्राचार्य डॉ भरत सिंह की अध्यक्षता व सहायक आचार्य हिमांशु श्रीवास्तव व महेश व्यास के निर्देशन में आयोजित हुआ। एडवोकेट महेश व्यास ने बताया कि संस्था निदेशक एडवोकेट रामसिंह मुकुल ने विधि के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए मूट कोर्ट की महती आवश्यकता बताई। मूट कोर्ट के सहायक आचार्य जितेंद्रकुमार गुर्जर व नीतीश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ विधि अधिकारी डॉ अशोककुमार मीणा, डॉ आरएन धायल व एडवोकेट शैलेंद्र गर्ग अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एडवोकेट महेश व्यास ने बताया कि मूट कोर्ट में राजस्थान राज्य बनाम श्रवण वाद में अपराध तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत याचिका पेश करने के वाद प्रस्तुत किया। विधि संकाय के विद्यार्थी एडवोकेट महेश व्यास, अनन्या गौतम, आमना जुबेरी, इमरान खान, मोहम्मद जीशान, मजार हुसैन, रोहित शर्मा, अर्जुन ग्वाला, महेश, अनीता, बैरवा सहित अन्य ने भूमिका निभाई।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति ( फ.सं. ) चौमू ( जयपुर )**

क्रमांक-30-43 दिनांक-14.06.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इसमंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थाएं/ कार्य करवाने हेतुठेके देने के लिए इच्छुक निविदादाता/ बोलीदाता फर्मा/व्यक्तियों से दिनांक 28.06.2023 को प्रात: 11.00 तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदाएं / बोली आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | कार्य/व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | ठेके हेतु प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| 1 | जल एवं प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु | एक वर्ष | निविदा |
| 2 | जलपान ठेलों पर जलपान व्यवस्था हेत कैन्टीन ठेला 4,5 व 6 | एक वर्ष | खुली नीलामी |

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 1.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष खोला जाएगा। तथा नीलामी बोली उसी दिन दोपहर 2.00 बजे आयोजित की जायेगी। निविदा नीलामी से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण, शर्ते व जानकारी वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय मेंउपस्थित होकरअवलोकन की जा सकती है।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
( फ.स. )चौमूं


# आपदा राहत अधिकारियों की बैठक ली

**मालपुरा** (निस) मौसम विभाग द्वारा चक्रवाती तुफान को लेकर 16 व 17 जून को प्रदेश मे रैड अलर्ट की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन के निर्देशो पर बुधवार की शाम को उपजिला कलेक्टर महिपाल सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत समिति सभागार मे आपदा राहत से जुडे ब्लॉक स्तरीय विभागाधिकारियो की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई।

बैठक के दौरान उपजिला कलेक्टर ने कहा कि तुफान के दौरान आने वाली भीषण आपदा से निपटने तथा आपदा से प्रभावित लोगो को तत्काल सुविधा व सुरक्षा मुहैया करवाये जाने को लेकर पुलिस,पीडब्ल्यूडी,पीएचडी,विधुत निगम,चिकित्सा,नगरपालिका ,पंचायत समिति,ग्राम पंचायत,जल संसाधन आदि विभाग पूर्ण अलर्ट मोड पर रहै। कोई भी अधिकारी मुख्यालय नही छोडे।

नीचे के ईलाको को सुचीबद्ध कर उपर के ईलाको पर बनी बिल्डिंगे अधिग्रहण कर पानी, बिजली व चिकित्सा सहित खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करे। नगरपालिका व पंचायत समिति मे नियंत्रण कक्षा स्थापित किया जाये। पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी बहाव क्षैत्रो को चिन्हित कर उनसे प्रभावित गांव-ढाणी मे सार्वजनिक लाऊडस्पीकर से मुनादी करवा आमजन को इन दो दिनो मे घरो से बाहर नही निकलने व सुरक्षित स्थान पर रहने,मोबाईल व सुरक्षा संसाधन सुव्यवस्थित आदि की चेतावनियां दे अलर्ट रहने की सख्त हिदायत दी। वही दुसरी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चुनावी वर्ष के दौरान जयपुर मे 16 जून को लम्पी महामारी के दौरान दूधारू गायो की हुई मौतो के आंकडो मे प्रभावित पशुपालको को राज्य सरकार की और से मुआवजे के रूप मे आर्थिक सहायता के लिए भीड जुटा जनसभा आयोजित करने का सरकारी कार्यक्रम जारी कर सम्पूर्ण राजस्थान से वेटनरी हैल्थ ऑफिसर को निर्देशित कर एक पशु पालक के साथ परिवार का एक सदस्य सुचीबद्ध कर उन्है सरकारी खर्चे पर जयपर मे आयोजित समारोह मे शामिल करने की योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

## सड़क पर जानलेवा गड्ढा

**पावटा।** पावटा कस्बे मे बने सर्विस रोड पर जानलेवा गड्ढे के चलते यात्रियों को दुकानदार व लोग आवाज लगा कर आगाह कर रहे हैं। इसके बावजूद एनएएचआई विभाग सडक की दशा सुधारने की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। लगभग कई सालों से यह सिलसिला चल रहा है। नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी दर्ज करायी, लेकिन इसके बावजूद सडक के बीच बने गड्ढे को भरवाने की जरूरत नहीं महसूस की जा रही है। बताते चलें कि कस्बे के सर्विस रोड पर राज मिष्ठान भंडार के निकट सडक के बीचोबीच जानलेवा गड्ढा बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सडक के बीच बने गड्ढे को पाटकर मरमत नहीं कराया जा रहा है। नागरिकों की मानें तो आए दिन इसके चलते हादसे में भी होते रहते है।

# योग शक्ति कार्यक्रम जारी

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के तहत विश्व योग दिवस 2022 से प्रारम्भ योग शक्ति कार्यक्रम का योग शिविर ग्राम पंडितपुरा में नियमित रूप से जारी है। योग शिविर में युवा एवं बुजुर्गो ने प्रात: 05.30 बजे से 07 बजे तक प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योगाचार्य राजेश लखेरा ने कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, शीर्षासन आदि करवाये। अभियान संयोजक मुकेश गोयल ने बताया कि यह योग शिविर 12 जून से प्रारम्भ हुआ था जो 15 जून गुरूवार को सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि योग शक्ति कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए जागरुक करना है। उन्होंने बताया कि योग से हमें शूगर, ब्लड प्रेशर, कैंसर, थायराईड, माईग्रेन, दिल के रोग आदि विभिन्न बिमारियों से लडने की क्षमता मिलती है, इसलिए योग को प्रतिदिन करना चाहिए। योग पेट की चर्बी को कंट्रोल करने में भी कारागार साबित होता है जिससे हम बीमारियों से बच सकते हैं।

इस दौरान नितिन सिंह, शिव नारायण सिंह, पूरण सिंह, रघुवीर सिंह, सुरेश सिंह, संदीप सिंह, योगेन्द्र सिंह, नन्नू सिंह, दीपेश सिंह, गजानन्द वर्मा, ईश्वर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, पंकज, विजय सिंह, आकाश सिंह, सोनू सिंह, मोहित सिंह, महेन्द्र योगी, भवानी गुर्जर, मनीष सिंह, कंवरपाल सिंह, युवराज सिंह समेत सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

**विद्यार्थियों का सम्मान :** कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम कायमपुराबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक रामवीर यादव ने बताया कि कक्षा 10 में 18 विधार्थी प्रथम श्रेणी व 06 विधार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच अर्जुन लाल हरिजन, विशिष्ठ अतिथि कबूल सिंह यादव व भामाशाह बंशीधर यादव रहे। प्रधानाचार्य राजकेश खारडिया ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर भामाशाहों का सम्मान किया। प्रथम स्थान पर बालिका तमन्ना वर्मा 88.50 व द्वितीय स्थान पर हर्षित शर्मा 80.17 प्रतिशत रहे। इस दौरान राजेंद्र बनेठीवाल, शिवपाल गुरुजी, इंद्राज वर्मा, जयप्रकाश ठेकेदार, सुभाष, विनोद जांगिड़, लालचंद यादव, विष्णु यादव, नटवर सिंह, अमित जांगिड़, प्रकाश चंद समेत अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।


**Regional Office (Jaipur-North)**

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

Rajasthan State Pollution Control Board Opp. Road No.5, VKIA, Sikar Road, Jaipur Phone: 0141-2850100
e-mail rorpcb.jaipur@gmail.com
website:http://www.environment.rajasthan.gov.in
Regd. Post /Email

क्रमांक:रा.प्र.नि.मं./क्षे.का.जय(उ.)/जेपीएम-403/ दिनांक-

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार , नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अंतर्गत मै. महालक्ष्मी मिनरल्स के प्रस्तावित विस्तार production capacity of Silica Sand from 32500 TPA (ROM) ) to 317460 TPA (ROM), M.L. No.: 02/96, M.L. Area: 12.439 ha at Khasra No. 981, 982, 998 & 7/2113, Near Village: Samod, Tehsil: Chomu, District: Jaipur के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखि ) के समक्ष प्रस्तुत किये गये है।

चूंकि मण्डल को उपरोक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाईहेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।अत: समस्त सबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए लोक सुनवाई हेतु दिनांक 17 जुलाई 2023 को प्रात: 11:00 बजे चौकी वन विभाग, सामोद थाने के पास, सामोद, तहसील-चौमू जिला -जयपुर (राज.) में उपस्थित होकर सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर (उत्तर) रोड नं. 05 के सामने, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, सीकर रोड, जयपुर (ईमेल: rorpcb.jaipur@gmail.com के साथ -साथ मुख्यालय, 04-संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर में प्रस्तुत किये जा सकते है।

उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यपालक सार) निम्नांकित कार्यालयों मे उपलब्ध है-

(1) जिला कलेक्टर, जयपुर (2) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर (उत्तर) (3) राजस्थान राज्य, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी जयपुर (4) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर (5) जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (6) अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर शहर (उत्तर ), जयपुर (7) क्षेत्रीय कार्यालय , वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, अरावली, भवन, झालाना डूंगरी, जयपुर। (8) पंचायत समिति, तहसील -गोविन्दगढ़ जिला-जयपुर। (9) नगर परिषद, चौमू जयपुर ।

( विजय शर्मा ) क्षेत्रीय अधिकारी


## 'महोत्सव में 5500 किसान भाग लेंगे'

**टोंक।** राज्य सरकार द्वारा 16 से 18 जून तक जेईसीसी सीतापुरा जयपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान किसान महोत्सव की तैयारियो को लेकर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिसमे महोत्सव की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि किसानों के लिए कृषि के क्षेत्र में आ रही नई तकनीक की जानकारी देने के राजस्थान किसान महोत्सव में जिले से 1000 पशुपालक,400 से अधिक महिला कृषको सहित 5500 कृषक भाग लेगे, जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के. के. मंगल को निर्देशित किया कि किसानों को लाने एवं ले जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो इसका विशेष ध्यान रखने, अरब सागर से उठे तुफान बिपरजॉय से भी सर्तक रहने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये,जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले से 16 जून को 51 बसो में 2295 कृषक, 17 जून को 35 बसो में 1575 कृषक, 18 जून को 36 बसो में 1620 कृषक भाग लेगे, सजीव प्रदर्शनी का होगा आयोजन महोत्सव में स्मार्ट फार्म,कृषि बागवानी और कृषि विपणन की तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# मधुबाला मीणा थाई भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित




समारोह में डॉ. मधुबाला मीना को थाई-भारत गौरव अवार्ड सम्मानित किया गया।

**अलवर।** भारत थाईलैंड के सांस्कृतिक संबंधो पर बैंकॉक थाईलैंड में साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, नई दिल्ली तथा थाईलैंड हिंदी परिषद, बैंकॉक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में राजकीय गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की आचार्य डॉ. मधुबाला मीना ने भाग लिया।

इस अवसर पर मीना को थाई-भारत गौरव अवार्ड सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में अपना शोध पत्र 'राष्ट्रीयता की प्रतीक हिंदी-अतीत एवं भविष्य की भाषा का वाचन किया। इसके तृतीय सत्र में वकता के रूप में भारत- थाईलैंड के सांस्कृतिक संबन्धों पर अपना व्याखयान दिया जबकि चतुर्थ सत्र में मंच संचालन कर संगोष्ठी के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए इन्हें थाई- भारत गौरव सम्मान से सममानित किया गया। मधुबाला मीणा इससे पहले भी कई पुरस्कारों से सममानित हो चुकी हैं। इनका कहना है कि वर्तमान में भी हिंदी की प्रासंगिकता कम नहीं हुई हैं।

हिंदी आत्मा से निकलने वाली आवाज है जो देश को एकता के सूत्र में भी पिरोती है जबकि और भी कई देशों में जानी जाती है। भारतीयों की पहचान हिंदी से ही है जो हमारे संस्कारों में शामिल है।

## निवाई के 2 छात्रों का नीट में चयन

**निवाई ।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के छात्र चित्रांश सालोदिया ने नीट में 590 अंक प्राप्त कर स्थानीय विद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। इसी के साथ छात्र रोहित कुमार यादव का भी नीट में सलेक्शन हुआ है। चित्रांश सालोदिया और रोहित कुमार यादव ने यह सफलता कक्षा 12 के अध्ययन के साथ मिशन लक्ष्य साधना के अंतर्गत लगने वाली नियमित कक्षाएं ज्वाइन कर प्राप्त की। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल की पहल पर चलाए गए मिशन लक्ष्य साधना के अंतर्गत अतिरिक्त जेई व नीट की तैयारी के लिए कक्षा 11 व 12 कें विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कक्षाएं लगाई जाती हैं। इसके फलस्वरूप विद्यार्थी बिना किसी अतिरिक्त धन खर्च किए नित नए आयाम को छू रहे हैं।


**कार्यालय नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा (जयपुर)**

**नवोदय स्कूल के पास पावटा-303106 राज.**

Ph.: 01421-294619, Email Id: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com, Website: www.Paotapragpura.com

क्रमांकःन.पा.पाव.प्रा./2023-24/भूमि-08 दिनांक 13-06-2023

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

निम्न आवेदकों से नगरपालिका कार्यालय में पट्टा पत्रावली पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की है उक्त पत्रावलियों में किसी को कोईआपत्ति हो तो -07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावलयों पे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र सं | आवेदक का नाम | खसरा संख्या | राजस्व ग्राम | क्षेत्रफल (वर्गगज) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामेश्वर लाल यादव पुत्र श्री सरदारमल यादव | 1965/3 | पावटा | 44.44 | व्यावसायिक |
| 2. | रोहिताश यादव पुत्र श्री सरदार मल यादव<br>राजाराम यादव पुत्र श्रीभीवाराम यादव<br>मेवा देवी पत्नी रामेश्वर लाल यादव | 1964/2738<br>1968 | पावटा | 250.00 | आवासीय |
| 3. | रामेश्वर लाल यादव पुत्र श्री सरदारमल यादव | 1990 | पावटा | 171.28 | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका प्रागपुरा
नगरपालिका पावटा, प्रागपुरा
जयपुर

## 'धन्यवाद मोदी' रथयात्रा रवाना

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण में केन्द्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन द्वारा धन्यवाद मोदी रथयात्रा टोंक विधानसभा में चलाये जा रहे है। उसी के तहत बीते दिन रथ यात्रा का शुभारंभ किया। जिसके अन्तर्गत जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया एवं कंकाली माता के पुजारी पंडित दुर्गा लाल द्वारा पूजा अर्चना कर टोंक विधान सभा क्षेत्र में योजनाओं का प्रचार प्रसार करने हेतु टोंक घंटाघर से छः रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मौजूद लोगो को मिठाई बाटकर शुरुआत की। इस दौरान टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी देवी जैन जयपुर जिला सह प्रभारी नरेश बंसल, भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, भाजपा जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद जैन, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबलू टैंकर, पज बमसस के जिला सयोजक लोकेश गुप्ता, सरपंच आर डी गुर्जर भगवान शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, गुड्डु, कैलाश सैनी, आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान पुण्य का कार्य, यह जीवन के अच्छे कर्मों में जुड़ जाता है : कर्नल राज्यवर्धन



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रक्तदान शिविर में शिरकत की।

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल और स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से जी.पी.ओ. जयपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की।

इसके बाद उन्होंने धानक्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में सहभागिता कर केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। रक्तदान शिविर के दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने अपने सम्बोधन में रक्तदान को पुण्य का कार्य बताया और कहा जीवन में सभी को रक्तदान करना चाहिए।

रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है इसलिए यह हमारे अच्छे कर्मों में जुड जाता है । इसके माध्यम से जब किसी की जान बचती है तो उसके परिवार के चेहरे पर खुशी दिखाई देती है और रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ होता है। हम सभी को मिलकर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना चाहिए। साथ ही कर्नल राज्यवर्धन ने कहा हमे ऐसा सिस्टम तैयार करना चाहिए जिसमें रक्तदाता का पूरा विवरण सुरक्षित हो जिससे भविष्य में उसे या उसके परिवार को रक्त की आवश्यकता हो तो उसे प्राथमिकता मिल सके। धानक्या में टिफिन बैठक के दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा 2014 से लगातार 2 बार देश को मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की मजबूत सरकार मिली है।

9 वर्षों में आए परिवर्तन को सबने देखा, इस परिवर्तन में सरकार के साथ साथ सभी का प्रयास शामिल है। हमें रूकना नहीं है, क्योंकी प्रधानमंत्री मोदी जी के रूप में देश को ऐसा नेतृत्व मिला है कि हम फिर से भारत को सोने की चिड़िया बना सकते है। मोदी जी ने अपनी ईमानदारी, इच्छा शक्ति और क्षमता के साथ संघर्ष करते हुए देश को नई दिशा दी है। 200 सालों तक लूटने वाले देशों को पछाडकर 9 सालों में ही भारत अर्थव्यवस्था में पांचवे नम्बर पर पहुंच गया है। आज देश अन्दर से ही नहीं बाहर से भी मजबूत बन रहा है।

## खुले गड्ढे दे रहे हादसों को दस्तक

**मंडावरी।** ग्राम पंचायत सुरतपुरा में पेयजल वितरण के लिए पाइप लाइन डालने को लेकर ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढे नहीं भरने के चलते हुए संभावित हादसों को दस्तक देते हुए नजर आ रहे हैं । ग्रामीणों ने छोटे गए खुले गहरे गड्ढों से होने वाली संभावित हादसों घटित होने को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए इन खुले गड्ढों को तुरंत भर कर समतल करने की मांग की गई है ।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए बताया कि नलों से पेयजल वितरण के लिए जलदाय विभाग के ठेकेदार द्वारा रघुनाथ मन्दिर से जौशीयो के मकान तक रोड खोद कर नई पाईप लाईन डाली गई थी । जिसमे गाँव मे स्थित रघुनाथ जी मन्दिर के सामने रोड पाईप लाईन हेतु खौदा गया गड्डा खुला छोड़ दिया गया है। जिसमें बरसात का पानी व नालीयो का मध्य में गन्दा पानी भर जाता हैं, जिससे गड्ढे का पता भी नही लगता इस रास्ते से मोटर साईकिल फोरविलर व अन्य स्कूल के बच्चों के वाहन टैम्पू बस आदि आते जाते रहते है एवं गाँव की जनता एवं गाँव के स्कूली बच्चे भी पैदल आते जाते रहते है जिससे कभी भी गड्ढे मे गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है।

## सार-समाचार

### योग करने का संकल्प दिलवाया



**चाकसू** (निस) । कस्बे में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन कार्यक्रम के तहत चाकसू कोटखावदा रोड़ स्थित जी.आर.पैराडाइज गार्डन में आरोग्यम योग केंद्र द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया । शिक्षिका तरूशी करनानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए योग महोत्सव 2023 का आगाज किया । कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जयपुर के युवा प्रभारी प्रियकांत गौतम ने योगाभ्यास करवाकर सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलवाया । इस मौके पर आरोग्यम योग केंद्र के योग विद्यार्थियों ने सबको प्रोत्साहित करते हुए ताली योग का अभ्यास किया । शिविर के माध्यम से सभी को बताया गया कि योग एक ऐसा माध्यम है जिससे असाध्य से असाध्य रोगों से भी, निजात पाया जा सकता है । कार्यक्रम के अंत में केंद्र के महिला ग्रुप द्वारा योगिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई ।इस अवसर पर योग साधक गायत्री रिया करनानी, उमेश छीपा, सुरेंद्र , स्नेहा , राघव , रामेश्वर शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, रामबाबू गुप्ता, सीमा पारीक, चंदा गुप्ता, राधिका जी , विनीता जी, सुनीता जी,कोमल शर्मा, नैना पंजवानी, व सैकड़ों अन्य लोग मौजूद रहे।

### अधिक ब्याज वसूलने का मामला दर्ज

**निवाई।** स्थानीय पुलिस थाने में न्यायालय के आदेशों पर ब्याज माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। परिवादी राजूलाल शर्मा ने बताया कि निवाई में ब्याज माफिया गिरोह संक्रिय है। ब्याज माफिया गिरोह लोगों को ब्याज पर रूपये देकर उनसे उनकी मूल रकम से भी अधिक रकम को मनमानी वसूल करते है। जिससे कई लोग इनके जाल में फंसकर अपनी दुकानें सहित भूखण्ड बेचकर इनको रकम दे रहे है। उसके बाद भी उनकी रकम नहीं चुकती है। जिससे परेशान परिवादी राजूलाल शर्मा ने न्यायालय में ब्याज माफिया गिरोह के खिलाफ परिवाद पेश किया है जिस पर न्यायालय के आदेशों पर स्थानीय पुलिस थाने में ब्याज माफिया सुरेशदास स्वामी चैला घनश्यामदास स्वामी, दयाराम स्वामी चैला रामप्रसाद स्वामी निवासी जमात, कपिल शर्मा, पुत्र इन्द्रमल जांगिड निवासी जमात, सूरज यादव पुत्र भूमाराम यादव निवासी हरिपुरा, ज्ञानचन्द जैन पुत्र हरिनारायण जैन निवासी जैन कालोनी निवाई, सीताराम शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा निवासी अलियाबाद, भीमराज शर्मा पुत्र श्रवणलाल निवासी एफसीआई गौदाम के पास विकास कालोनी, मोहन जाट पुत्र श्रीकिशन जाट निवासी खणदेवत रोड निवाई, नारायण जाट पुत्र श्रीकिशन जाट निवासी खणदेवत रोड निवाई, जेपी गुप्ता पुत्र लादूलाल निवासी जैन कालोनी, हनुमानप्रसाद शर्मा पुत्र फूलचन्द शर्मा जमात, ज्योति स्वामी पुत्री सुरेश स्वामी भीखरोन एमपी, मुकेश शर्मा पुत्र रामनारायण शर्मा जमात, संजय शर्मा पुत्र कैलाशचन्द निवासी जमात, संदीप टेलर पुत्र भैरूलाल टेलर निवासी मालियों का मौहल्ला मायला कुण्ड निवाई के खिलाफ मूल रकम से भी ज्यादा ब्याज वसूलने एवं प्रताडित करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ललिता बनी जिलाध्यक्ष

**मालपुरा** (निस) भारतीय जनता पार्टी समर्थक मंच की हुई बैठक मे राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति पर डिग्गी निवासी समाजसेविका ललिता कंवर टांक को संगठन की जिलाध्यक्ष पद पर किया गया मनोनीत। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा आरती शर्मा ने प्रदेश अध्यक्षा भारती वैष्णव के प्रस्ताव व राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरूषोतम श्रीवास्तव के निर्देशानुसार ललिता कंवर को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र जारी कर जल्द संगठन की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिये है। संगठन के माध्यम से केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने तथा बेटी-बचाओं बेटी पढाओं अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की उपलब्धियो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कडी से कडी जोड संगठन व मंच का गठन किया गया है।

### योग का प्रचार कर रहे जवान

**अलवर।** नेहरू गार्डन में बुधवार को आइटीबीपी के जवानों ने 9वें योग दिवस के उपलक्ष्य में आमजन के बीच आकार योग करने का प्रचार प्रसार किया। भारत सीमा तिबबत पुलिस बल के योग प्रशिक्षक इंद्रपाल ने बताया कि 1 महीने से हमारी बटालियन के जवानों को योगा अभयास कराया जा रहा है। हमारे जवान जनता के बीच नेहरू गार्डन में आए हैं एवं योग के प्रति आमजन में जागरूकता आए इसीलिए योग का प्रचार प्रसार किया गया है।

### अलवर शहर में मिला शव

**अलवर ।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अटटा मंदिर के पास शव मिला जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। कोतवाली थाने के एएसआई जितेंद्र ने बताया कि कंट्रोल रूम से फोन आया था कि अटटा मंदिर के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। व्यक्ति की उम्र 35 साल है । पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है और उसका नाम व पता लगा रही है।

### जितेन्द्र ने 80वीं बार रक्तदान किया

**अलवर ।** अलवर के पूर्व जिला कलेकटर अलवर और वर्तमान मिशन निदेशक, एनएचएम राजस्थान डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने जयपुर में 80 वीं बार रक्तदान किया । वे स्वयं रकतकोष फाउंडेशन के संस्थापक हैं।

# 'महंगाई राहत कैंप सामाजिक सुरक्षा के परिचायक'

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों को सुशासन एवं बेहतर सुविधाएं उपलबध कराने के लिए जनकल्याण की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिनसे जोडकर आमजन को लाभांवित कराने का कार्य किया जा रहा है।

मंत्री जूली ने अलवर ठाामीण क्षेत्र के गांव घेघोली व देसूला में आयोजित महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों को मुखयमंत्री गारंटी कार्ड वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मुखयमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की जनता को महंगाई से राहत दिलाने हेतु महंगाई राहत कैम्पों की विशेष सौगात दी है जिसमें रजिस्ट्रेशन कर दस योजनाओं में राहत प्रदान कराने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सबिसडी योजना के लाभार्थियों को अब 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलने लग गया है जिससे उनकी रसोई का खर्च बच रहा है तथा आर्थिक बचत भी हो रही है। इसी कड़ी में लंपी संक्रमण से मृतक दुधारू गायों के पशुपालकों को 40 हजार रूपये की सहायता 16 जून को मुख्यमंत्राी द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में राजस्थान सरकार पहली ऐसी सरकार है जो प्रदेशवासियों को इस तरह के कैपों का आयोजन कर योजनाओं में लाभ की गारंटी दे रही है। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेशवासियों के चेहरे पर मुस्कान आई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की मंत्री जूली ने घेघोली, देसूला सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की। राज्य सरकार द्वारा आयोजित महंगाई राहत कैंप में मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान आ रही है। कैंप में देसूला निवासी शर्मिला को मुखयमंत्री कामधेनू बीमा योजना सहित सात योजनाओं की गारंटी का कार्ड मिला तो उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। आरती को सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित सात योजनाओं का मौके पर ही कार्ड मिला तो उन्होंने राज्य सरकार का आभार जताया।

## कांग्रेस सरकार ने जनता से वादाखिलाफी की'

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का जयपुर से सालासर जाते समय विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा बाईपास स्थित आर चंद्रा रिसोर्ट्स के सामने चौमूं में स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह को देखते हुए हम आगामी चुनावों में कांठोस की नकारा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और हम जनता के बीच मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर जन जन तक जाने का काम करेंगे। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार बड़ी बड़ी घोषणाएँ तो करती है परंतु धरातल पर उनकी वास्तविकता अलग होती है। इस मौक़े पर देहात मण्डल बांसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, पूर्व अध्यक्ष आशीष दूसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, मदन बागड़ा, लालचंद सहित सैकडो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पानी का मचा हाहाकार



अलवर में वार्ड नंबर 17 के स्थानीय निवासियों ने गोपाल टॉकीज के पास पानी की समस्या को लेकर जाम लगा दिया।

**अलवर ।** वार्ड नंबर 17 के स्थानीय निवासियों ने गोपाल टॉकीज के पास रोड पर बुधवार को पानी की समस्या को लेकर जाम लगा दिया ।

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि हमारे वार्ड में पिछले 2 माह से पानी की समस्या बनी हुई है । हमने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन समस्या का हल नहीं निकला । जलदाय विभाग की ओर से वार्ड में पानी के टैंकर भिजवाए गए लेकिन टैंकरों से पानी लेने में लोगों में आपस में झगड़ा होता है हमें टैंकरों से पानी ना देकर नलों में पानी उपलबध करवाया जाए। इसका नेतृत्व भाजपा नेत्री रचना गोयल ने किया।

जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्दी समस्या समाधान का लोगों को आश्वासन दिया, तब जाकर जाम हटा।

# 'ब्राह्मणों की एकता से बदलेगी देश व समाज की तस्वीर'

**पावटा।** विप्र समाज सदा से देश व समाज के कल्याण के लिए ही अपनी क्षमता का उपयोग करता रहा है, बावजूद इसके राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने वर्ण व्यवस्था की गलत व्याया कर समाज मे जातिगत भेदभाव पैदा करते हुए आरक्षण व्यवस्था को जो वोट बैंक का आधार बनाया है। इसमें सबसे अधिक उपेक्षा ब्राह्मणों की हुई है।

मौजूदा दौर मे संवैधानिक व्यवस्था मे अलग-थलग रह रहे समस्त ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपने उत्थान के लिए स्वयं संघर्ष करने के साथ-साथ धर्म व संस्कृति के पतन की रक्षा के लिए समाज को दिशाहीन होने से बचाना भी ब्राह्मण का दायित्व होना चाहिए। उक्त बातें पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित बैठक मे इकाई अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कही। राजनीति में स्वार्थ पूर्ति के लिए आरक्षण की व्यवस्था को बढावा देने का विप्र समाज ने पुरजोर विरोध किया। साथ ही ब्राह्मणों की अस्मिता की रक्षा व सामाजिक व्यवस्था मे पिछडते रुतबे को पुनः कायम करने ब्राह्मण समाज के सभी घटकों को एक मंच पर आने के आव्हान की सार्थकता पर बल दिया गया। बैठक में पावटा मे परशुराम भवन बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे उपस्थित ब्राह्मण हित चिंतकों मे पावटा ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने नगर मे विप्र समाज के उत्थान हेतु समाज के परशुराम भवन व धार्मिक आयोजन के माध्यम से धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने की दिशा मे अपना मार्गदर्शन दिया। तहसील व नगर ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियो व सदस्यों सदस्य ने कहा कि विप्र समाज को रचनात्मक कार्यो की ओर अपना रुझान बढाने की आवश्यकता है। साथ ही जन्म से लेकर मृत्यु तक वेद शास्त्र मे वर्णित तमाम संस्कारों के पालन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

## भ्रष्टाचार रोक की जानकारी दी

**टोंक।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार एसीबी टोंक ईकाई द्वारा ग्राम पंचायत मेहंदवास में आमजन जागरूकता संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, राजीव गांधी सेवा केन्द्र मेहँदवास पर एसीबी इकाई टोंक के एएसपी राजेश आर्य के नेतृत्व में हुआ। चौपाल कार्यक्रम, एसीबी चौपाल कार्यक्रम में मेहंदवास कस्बा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को भ्रष्टाचार रोकथाम से संबंधित जानकारी दी, किसी भी लोक सेवक द्वारा रिश्वत मांगकर नाजायज परेशान करने पर एसीबी के टोल फ्री नम्बर 1064 व मोबाईल नम्बर 9413502834 पर सूचना देने के लिए किया प्रेरित, एसीबी द्वारा मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस सोच से भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाने की आमजन को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# हर्षिल का नीट यूजी में जनरल कैटेगरी में चयन

**मंडावरी।** कस्बे के हर्षिल गुप्ता द्वारा नीट यूजी 2023 में जनरल कैटेगरी में जगह बनाने के बाद उनका चयन हुआ है। हर्षिल घी वाला परिवार से ताल्लुक रखने वाले डॉक्टर गोविंद गुप्ता वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, सामान्य जिला चिकित्सालय बूंदी एवं डॉक्टर अंजु गुप्ता सीनियर गायनोलॉजिस्ट एवं डायरेक्टर डॉक्टर गुप्ता हॉस्पिटल के 17 वर्षीय पुत्र है।

हर्षिल गर्ग ने अपने प्रथम प्रयास में ही नीट यूजी 2023 में जनरल कैटेगरी में अखिल भारतीय रैंक में 5484 वीं रैंक प्राप्त कर अपना, तथा अपने परिवार,व कस्बे का नाम रोशन किया। हर्षिल गर्ग के पिता, डॉ गोविंद गुप्ता ने बताया कि कोटा के एलन इंस्टिट्यूट में अपनी पढ़ाई कर हर्षिल गर्ग ने नीट में 720 में से 635 अंक प्राप्त किए हैं तथा इसी वर्ष सीबीएसई बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक 12वीं क्लास में प्राप्त किए हैं। हर्षिल गर्ग के चाचा डॉ नवल गुप्ता रेडियोलॉजिस्ट आर यू एच एस मेडिकल कॉलेज जयपुर ने बताया कि घी वाला परिवार से पहचान रखने वाले इस परिवार में यह सातवां डॉक्टर होगा। डॉ गोविंद गुप्ता ,डॉक्टर अंजु गुप्ता डॉ नवल गुप्ता डॉ वेणी माधव गुप्ता डॉक्टर अंशिका अठावाल डॉ कृष्णन गुप्ता हर्षिल गुप्ता के साथ आसपास क्षेत्र में एक ही परिवार में सबसे ज्यादा चिकित्सक देने वाला परिवार है।

## महापड़ाव का समर्थन

**सांभरझील ।** सांभर को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत की ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाने के लिए मोखमपुरा हाईवे जाम करने की घोषणा तथा इसके बाद दूदू की विधायक बाबूलाल नागर की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई ।

चेतावनी को चैलेंज के रूप में लेते हुए अब विधानसभा क्षेत्र की जनता की प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बन गया है। नागर की अमर्यादित टिप्पणी ने जिस प्रकार से ललकारा है उस क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने भी खुले तौर पर 18 तारीख को मोखमपुरा जाम कर महापड़ाव को खुला समर्थन दे दिया है। इसी संदर्भ में महापड़ाव को सफल बनाने व सरकार का पुरजोर तरीके से ध्यान आकृष्ट करवाने के लिए रणनीति भी तैयार की जा रही है।

इस मुहिम को सफल बनाने हेतु विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह नुक्कड सभाओं का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों, आमजन को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हैतू एकजुट किया जा रहा है। हालांकि यह बात अलग है कि अब इसमें खुले तौर पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत व फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांठोस प्रत्याशी रहे विद्याधर चौधरी का महापड़ाव में समर्थन किए जाने का क्षेत्र की जनता को इंतजार बना हुआ है।

# मालपुरा के दो कस्बे के मकान से नकदी व जेवर चोरी



लाम्बाहरिसिंह के झाडली व लावा पंचायत के कैलाशपुरी ढाणी मे चोरो ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**मालपुरा** (निस) मंगलवार की रात्री को शातिर चोरो ने लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी थाना क्षेत्र के दो गांवो मे पुलिस की कडी रात्री गश्त के दावो के बीच दो मकानो के ताले तोड अनुमानित 1० लाख रूपयो के आभुषण व नगदी चोरी की वारदात को दिया अंजाम।

मिली जानकारी मे सामने आया कि लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के झाडली गांव मे मंगलवार की रात हनुमान शर्मा के परिवारजन मकान की छत पर सो रहे थे। मध्य रात्री मे शातिर चोरो ने लौहे के चैनल गेट को काट अलमारी व बक्सो के ताले तोड तकरीबन 14 तोला सोना के आभुषण व 15 से 2० हजार रूपये की नगदी चोरी की वारदात कर मौके से भाग छुटे। सवेरे जाग होने पर बिखरा सामान व टूटे ताले देखने पर चोरी की वारदात का पता चला। पिडित हनुमान शर्मा का एक बेटा जो कि बॉर्डर पर देश की सुरक्षा का पहरा दे रहा है। जिसकी शादी बीते 5-6 माह पूर्व ही हुई थी। ऐसे मे फौजी के घर मे चोरो ने पत्नि सहित परिवार की महिलाओं के आभुषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसी क्रम मे डिग्गी थाना क्षैत्र कस्बे की कैलाशपुरी ढाणी मे चोरो ने रामलाल बैरवा के मकान के ताले तोड लौहे के बक्से चुरा जंगल मे ले गये जहां ताले तोड बक्सो मे रखी 4० हजार रूपये की नगदी व अनुमानित 2 लाख रूपयो के सोने-चांदी के आभुषण चुरा ले भागे। वारदात का पता लगने पर मौके पर पहुंचे सरपंच कमल कुमार जैन व डिग्गी थाना पुलिस ने वारदात स्थल का मौका मुआयना कर चोरो की तलाश शुरू की। तो लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाश के लिए पुलिस टीमो का गठन किया गया। रामअवतार शर्मा के मकान से चुराये गये सामान व बक्से के पास एक मोटरसाईकिल की नम्बर प्लेट मिली। जिसे पुलिस ने जप्त कर नम्बर के आधार पर मोटरसाईकिल मालिक की तलाश शुरू की तथा आसपास जंगल मे तलाशी के दौरान एक लावारिस मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट मिलने की भी जानकारी सुत्रो से सामने आ रही है। एक के बाद एक क्षैत्र मे हो रही चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने मे क्षैत्र के थानो की पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन पर चर्चा

**लालसोट ।** उपखंड मुख्यालय पर आयोजित हुई सैनी समाज की बैठक में वार्ड इकाईयो का गठन कर कार्यकारणी का विस्तार किया गया.. वार्ड नंबर 27 के सैनी समाज के बंधुओं की मीटिंग का आयोजन बाबा देवस्थान के प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी की अध्यक्षता में किया गया ।

आयोजित मीटिंग में महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति की ठााम वार्ड इकाई का गठन कर नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया जिसमें रमेश चंद सैनी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष पद पर गोपाल सैनी सचिव पद पर अवतार सैनी कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार सैनी, सह सचिव पद पर नाथू लाल सैनी का निर्वाचन किया गया।

उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सैनी सचिव रामबाबू सैनी यूडीसी, कोषाध्यक्ष मदन लाल सैनी के द्वारा वार्ड नंबर 27 के सभी समाज बंधुओं से सामाजिक उत्थान एवं 23 नवंबर को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के बारे में चर्चा की गई । संरक्षक पद पर हरिया राम सैनी चंदा लाल सैनी आरतियां, भजन लाल सैनी प्रकाश सैनी मुकेश अमावर महेश सैनी चौथमल सैनी रामकेश सैनी सावल राम सैनी भजन सैनी मुकेश मेडिकल महेश बाल माला उपस्थित रहे।

# 'विधानसभा चुनाव की तैयारियां, शत प्रतिशत मतदान के हो रहे प्रयास'



कलेक्टर पुखराज सेन की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय में बैठक का आयोजन हुआ।

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर पुखराज सेन की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में विधानसभा आम चुनाव 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता के संबंध में विभागीय नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेकटर ने जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में शत-प्रतिशत मतदान कराने के संबंध में बूथ स्तरीय कार्य योजना बनाकर उसे प्रभावी रूप से अमल में लाए। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता गतिविधियों में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन का भी सहयोग लेवे एवं इन गतिविधियों में नवाचार करें। उन्होंने नियमित रूप से जिले में हर बूथ पर स्वीप कलेण्डर के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वीप गतिविधियों को बूथ स्तर पर आयोजित कराने के लिए कार्य -योजना बनाकर उन्हें मूर्तरूप देवे। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप नवाचारों पर भी कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने 80 वर्ष से अधिक उम्र के व दिव्यांग वोटरों के शत-प्रतिशत मतदाता सूची में नाम जुडवाने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विभागवार स्वीप गतिविधियां आयोजित करवाकर जन-जन तक संदेश पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म पर भी जागरूकता क्रियेटिव्स बनाने व उन्हें अधिकाधिक शेयर करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने वोटर हैल्पलाइन एप, नेशनल वोटर सविर्सेज पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु स्वीप गतिविधियों को शुरू करने के निर्देश प्रदान किये।



मैं काफी भाग्यशाली हूं कि मैंने काफी समय उनके साथ गुजारा है। उनका बहुत सम्मान है। जब भी वह ड्रेसिंग रूम में आते थे तो उनकी अलग ही आभा होती है। आप उनसे बात करना चाहते है और यह समझना चाहते है कि वो क्या कहना चाहते है। - डेव्हन कॉनवे

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज, महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में।




आज का खिलाड़ी

## लोकेश राहुल



भारत के सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल जांघ की सर्जरी के बाद एकदिवसीय विश्व कप से पहले सितंबर में श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के दौरान वापसी की उम्मीद के साथ व्यापक रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम के लिए यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गए हैं। आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स की कप्तानी करने वाले राहुल हाल में संपन्न हुई इस लुभावनी टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। वह इसके बाद टूर्नामेंट और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से हट गए थे और उन्हें जांघ की सर्जरी कराने की सलाह दी गई थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

## शांतों के शतक से बांग्लादेश मजबूत

